# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

## REVISED LIST OF BUSINESS
## Friday, 15 December 2023 / 24 Agrahayan 1945 (*Saka*)
## 11.00 AM

**NATIONAL SONG-VANDE MATARAM**

1. **Obituary References**

2. **Question Hour:** Starred Questions as shown in the separate list to be asked and replies to be given. Replies of Un-Starred Questions to be laid on the table.

3. **Special Mention (Rule-280) :**
The following Members to raise matters under Rule-280 with the permission of the Chair:

   1. Shri Sanjeev Jha
   2. Shri Ajay Dutt
   3. Shri Surender Kumar
   4. Shri Mohinder Goel
   5. Shri Naresh Balyan
   6. Shri Rajesh Rishi
   7. Ms. Bhavna Gaur
   8. Shri Mohan Singh Bisht
   9. Shri Ajay Mahawar
   10. Shri Jitender Mahajan

4. **Papers to be laid on the Table :**
**Smt. Atishi, Hon'ble Minister of Education** to lay copies of the following on the Table of the House.
   (i) CAG Audit Report on the Annual Accounts for the Financial Year 2020-2021 alongwith Action Taken Report of Indraprastha Institute of Information Technology Delhi (IIITD) (Hindi and English Versions).
   (ii) Annual Accounts 2013-14 to 2017-18 & Separate Audit Report 2013-14 & 2017-18 of Indira Gandhi Delhi Technical University for Women, Delhi (IGDTUW) (Hindi and English Versions).

5. **Introduction of Bill :**
**Smt. Atishi, Hon'ble Minister of Finance** to introduce **'The Delhi Goods & Services Tax (Second Amendment) Bill, 2023" (Bill No. 05 of 2023)** with the leave of the House.

6. **Presentation and Voting on Supplementary Demands (2023-2024):**
**Smt. Atishi, Hon'ble Minister of Finance** to present the First batch of Supplementary Demands for Grants for the Financial Year 2023-2024.

7. **Introduction, Consideration and Passing of Bill:**
**Smt. Atishi, Hon'ble Minister of Finance** to introduce **'The Delhi Appropriation (No. 4) Bill, 2023' (Bill No. 06 of 2023)**.
Also to move that the Bill be considered and passed.

8. **Presentation of Report :**
**Shri Mahinder Yadav**
**Shri Madan Lal**
to present the ***Third Report of Committee on Welfare of Other Backward Classes*.**

9. **Short Duration Discussions (Rule-55) :**

I. **Shri Durgesh Kumar**
**Shri Vinay Mishra**
**Shri Kuldeep Kumar**
To initiate discussion on *"attempts of Bhartiya Janta Party to stop the regularization of sanitation workers of Delhi Municipal Corporation"*.

II. **Shri Akhilesh Pati Tripathi**
**Shri Jarnail Singh**
**Shri Rajendra Pal Gautam**
to initiate discussion on *"role of Chief Secretary, Delhi in the irregularities in construction of the Dwarka Expressway"*.

III. **Shri Madan Lal**
**Shri Rajesh Gupta**
**Shri Rituraj Govind**
to initiate discussion on *"hindrances being created by the Finance Department in the functioning of Public Works Department, Delhi Jal Board and Health Department"*.

**Delhi** **Raj Kumar**
**15 December 2023** **Secretary**

# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
## संशोधित कार्यसूची
**शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023 / अग्रहायण 24, 1945 (शक)**

**11.00 बजे पूर्वाह्न**

**राष्ट्रगीत–वन्दे मातरम्**

1. **निधन संबंधी उल्लेख**

2. **प्रश्न कालः** सदस्यों द्वारा पृथक् सूची में दिये गये तारांकित प्रश्न पूछे जायेंगे और उनके उत्तर दिये जायेंगे। अतारांकित प्रश्नों के उत्तर सदन पटल पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

3. **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**
निम्नलिखित सदस्यों द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियम–280 के अंतर्गत मामले उठाये जायेंगेः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजीव झा | 6 | श्री राजेश ऋषि |
| 2 | श्री अजय दत्त | 7 | सुश्री भावना गौड़ |
| 3 | श्री सुरेंद्र कुमार | 8 | श्री मोहन सिंह बिष्ट |
| 4 | श्री महेंद्र गोयल | 9 | श्री अजय महावर |
| 5 | श्री नरेश बाल्यान | 10 | श्री जितेंद्र महाजन |

4. **सदन पटल पर प्रस्तुत किये जाने वाले कागजात :**
**श्रीमती आतिशी, माननीय शिक्षा मंत्री** निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत करेंगी :
i) इन्द्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आई आई आई टी डी) के वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक लेखों पर नियंत्रक–महालेखा परीक्षक के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सहित कृत्य कार्रवाई प्रतिवेदन (हिंदी एवं अंग्रेजी प्रति)
ii) इंदिरा गांधी दिल्ली प्रौद्योगिकी महिला विश्वविद्यालय (आई जी डी टी यू डब्ल्यू) के वर्ष 2013–14 से 2017–18 हेतु वार्षिक लेखे एवं वर्ष 2013–14 से 2017–18 के पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)

5. **विधेयक का पुरःस्थापन :**
**श्रीमती आतिशी, माननीय वित्तमंत्री** सदन की अनुमति से **"दिल्ली माल एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023"** (वर्ष 2023 का विधेयक संख्या–05) को पुरःस्थापित करेंगी।

6. **अनुपूरक मांगों का प्रस्तुतीकरण तथा पारित करना (2023–24) :**
**श्रीमती आतिशी, माननीय वित्त मंत्री** वित्त वर्ष 2023–24 के लिए अनुपूरक अनुदान मांगों का प्रथम भाग प्रस्तुत करेंगी।

7. **विधेयक का पुरःस्थापन, विचार तथा पारित करना :**
**श्रीमती आतिशी, माननीय वित्त मंत्री** सदन की अनुमति से **'दिल्ली विनियोजन (संख्या–04) विधेयक, 2023' (2023 का विधेयक संख्या 06)** को पुरःस्थापित करेंगी।
यह भी प्रस्ताव करेंगी कि विधेयक पर विचार किया जाये तथा पारित किया जाये।

8. **प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण :**
**श्री महेन्द्र यादव**
**श्री मदन लाल**
*अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति का तीसरा प्रतिवेदन* प्रस्तुत करेंगे।

9. अल्पकालिक चर्चा (नियम–55):

**I.** श्री दुर्गेश पाठक
श्री विनय मिश्रा
श्री कुलदीप कुमार

*"भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण को रोकने के प्रयासों के संबंध में"* चर्चा प्रारम्भ करेंगे ।

**II.** श्री अखिलेश पति त्रिपाठी
श्री जरनैल सिंह
श्री राजेंद्र पाल गौतम

*"द्वारका एक्सप्रेस वे के निर्माण की अनियमितताओं में मुख्य सचिव, दिल्ली की भूमिका के संबंध में"* चर्चा प्रारम्भ करेंगे ।

**III.** श्री मदन लाल
श्री राजेश गुप्ता
श्री ऋतु राज गोविंद

*"लोक निर्माण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड तथा स्वास्थ्य विभाग के कामकाज में वित्त विभाग द्वारा उत्पन्न की जा रही बाधाओं के संबंध में"* चर्चा प्रारम्भ करेंगे ।

राज कुमार
सचिव

दिल्ली
15 दिसम्बर, 2023

# विधान सभा
## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

# LEGISLATIVE ASSEMBLY
## National Capital Territory of Delhi

## प्रश्नों की सूची
## LIST OF QUESTIONS

शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023 / 24 अग्रहायण 1945 (शक)

Friday, the 15th December 2023 / 24 Agrahayana, 1945 (Saka)

**तारांकित प्रश्न : 1 - 20**

**अतारांकित प्रश्न : 1 - 77**

Starred Questions : 1 - 20

Unstarred Questions : 1 - 77

# विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**मौखिक उत्तरों** के लिए प्रश्नों की सूची

शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023 / 24 अग्रहायण 1945 (शक)

**कुल प्रश्न : 20**

1. श्री दुर्गेश पाठक — शहरी विकास

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि विधायक निधि की वर्तमान राशि केवल चार करोड़ रुपए है, जो क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं के समाधान हेतु अपर्याप्त सिद्ध होती है;

ख) क्या इस राशि को दस करोड़ रुपये तक बढ़ाए जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

ग) क्या यह कहना सत्य नहीं होगा कि ऐसा करने से निधियों का विकेंद्रीकरण संभव हो सकेगा और सरकारी कार्यों को गति मिलेगी?

2. श्री अभय वर्मा — पर्यावरण

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली के आवासीय, सरकारी और व्यावसायिक परिसरों में बड़े–बड़े पेड़ काटने के क्या नियम हैं और नियम के



# LEGISLATIVE ASSEMBLY

## National Capital Territory of Delhi

List of Questions for **ORAL ANSWERS**

Friday, the 15th December 2023 / 24 Agrahayana, 1945 (Saka)

**Total No. of Questions : 20**

**1. Shri Durgesh Pathak — Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Is it true that the present amount of MLA fund is only Rs. 4 crore, which proves to be inadequate to solve the problems of the residents of the constituency;

b) Whether any proposal is under consideration regarding increasing this amount to Rs. 10 Crore; and

c) Is it not correct to state that such increase would facilitate decentralization of funds and government work will speed up?

**2. Shri Abhay Verma — Environment**

Will the Hon'ble Minister of Environment be pleased to state:

a) The rules for cutting big trees in the residential, government and commercial complexes in Delhi, and

खिलाफ जाकर पेड़ काटने पर सजा के क्या–क्या प्रावधान हैं;

ख) माननीय मुख्यमंत्री के नये सरकारी आवास के निर्माण के दौरान कुल कितने पेड़ काटे गये;

ग) उपरोक्त पेड़ को काटने में क्या नियम की प्रक्रिया अपनायी गयी;

घ) अगर माननीय मुख्यमंत्री के नये सरकारी आवास के निर्माण के दौरान अवैध रूप से पेड़ काटे गये तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है, विस्तृत जानकारी दें; और

ङ) एक आवास के निर्माण हेतु एक बार में अधिकतम कितने पेड़ काटने की अनुमति दी जाती है और मुख्यमंत्री आवास के निर्माण हेतु कितने पेड़ काटने की अनुमति दी गयी थी, विस्तृत जानकारी दें?

3. श्री विजेन्द्र गुप्ता पर्यावरण

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में यमुना प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या कदम उठाये गए;

ख) दिल्ली में वायु प्रदूषण को बढ़ावा देने वाली औद्योगिक ईकाईयों के उत्सर्जन पर सरकार की क्या निगरानी है, अवगत कराएं;



the provisions regarding punishment for cutting trees in violation of these rules;

b) The number of trees cut during the construction of the new official residence of Hon’ble Chief Minister;

c) Whether rules were followed while cutting such trees;

d) Whether trees were cut illegally during the construction of the new government residence of Hon’ble Chief Minister and if so, the details of action taken against the concerned be furnished; and

e) The maximum number of trees allowed to be cut at one time for construction of a house, and how many trees were allowed to be cut for the construction of Hon’ble Chief Minister’s residence, the detailed information be provided in this regard?

**3. Shri Vijender Gupta Environment**

Will the Hon'ble Minister of Environment be pleased to state:

a) The steps taken by the Government to reduce pollution of Yamuna River in Delhi;

b) The monitoring system adopted by the Government on the emissions from industrial units which contribute to air pollution in Delhi;

ग) वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली के विकास कार्य और स्कूल कितने दिनों तक बंद रहे, पिछले पांच वर्षो का ब्यौरा दें;

घ) दिल्ली के वायु प्रदूषण में कितना प्रतिशत पंजाब में पराली जलाने के कारण है, अवगत कराएं;

ड.) दिल्ली में वायु प्रदूषण की वर्तमान स्थिति क्या है। दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्थायी समाधान निकालने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या कदम उठाये गए है; और

च) दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण पिछले पांच वर्षों में कितने लोगों की मृत्यु हुई है, विस्तृत ब्यौरा दें?

4. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी — शिक्षा

क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) इस वर्ष 2023–24 में दिल्ली के पब्लिक स्कूलों में ईडब्ल्यूएस कोटे की कुल कितनी सीटें स्वीकृत की गई थी;

ख) इन सीटों में से कुल कितनी सीटों पर ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों को प्रवेश मिल सका;

ग) पिछले नौ वर्षो में ईडब्ल्यूएस वर्ग के अंतर्गत कुल कितनी सीटों का प्रावधान था और कितने छात्रों को प्रवेश मिला; और



c) The number of days schools in Delhi were closed and development work stopped due to air pollution, the details of last five years be furnished;

d) The percentage of Delhi's air pollution due to stubble burning in Punjab;

e) The current situation of air pollution in Delhi? What steps have been taken by the Government for permanent solution of air pollution in Delhi; and

f) The number of people who have died in Delhi due to air pollution during the last five years, complete details be provided?

**4. Shri Ramvir Singh Bidhuri — Education**

Will the Hon'ble Minister of Education be pleased to state:

a) The number of seats under EWS Category which were approved in the Public/Private Schools of Delhi in the year 2023-24;

b) Out of the above seats, how many students got admission under EWS category;

c) The number of seats were provided under EWS Category in the last nine years and how many students got admission during the said period; and

घ) जिन स्कूलों ने ईडब्ल्यूएस वर्ग के अंतर्गत प्रवेश देने से इन्कार किया था, सरकार की तरफ से उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

5. **श्री शरद चौहान** **सहकारिता**

क्या माननीय सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्तमान में दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक कितने घाटे में है, बताया जाए;

ख) वर्तमान निदेशक श्री अतुल भारद्वाज क्या पूर्व में बैंक के कर्मचारी थे, यदि हाँ, तो उनकी सर्विस की सम्पूर्ण फाइल की कॉपी दें;

ग) कर्मचारी श्री सार्थक गुप्ता के खिलाफ कितनी जांचे चल रही हैं, सभी का ब्यौरा दें;

घ) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक के सभी कोर्ट में जैसे आरसीएस, डीसीटी, एफसी, जिला न्यायालय एवं हाई कोर्ट में जो केस चल रहे हैं सभी में विभाग का क्या स्टैंड हैं और उनमें वकील कौन–कौन हैं, सम्पूर्ण जानकारी दें;

ड.) क्या वर्तमान निदेशक श्री अजीत सिंह व उनके पुत्र श्री सुधीर पर एफआईआर दर्ज है, यदि हाँ, तो विभाग ने उन्हें अभी तक हटाया क्यों नहीं; और



d) The details of action taken by the Government against those schools who refused to give admission under EWS Category?

5. **Shri Sharad Chauhan** **Co-operative**

Will the Hon'ble Minister of Co-operative be pleased to state:

a) The details of loss being incurred by Delhi Nagarik Sahkari Bank at present;

b) Whether one of the present Director i.e. Shri Atul Bhardwaj previously an employee of the bank? If yes, then a copy of his complete service file be provided;

c) The details of the investigations going on against Shri Sarthak Gupta, employee of the bank;

d) The details of the stand taken by the Department in all the cases pertaining to Delhi Nagrik Sahkari Bank, in Courts like RCS, DCT, FC, District Court, High Courts and the details of lawyers engaged in these cases;

e) Whether FIR has been registered against one of the present Director Shri Ajit Singh and his son Shri Sudhir. If yes, then the reasons for no action being taken by the Department to remove him; and

च) विगत पांच वर्षो में दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक के कर्मचारियों की प्रमोशन को लेकर कितनी बार आरसीएस अधिकारियों की कमेटी बनाई गई और कमेटी की रिपोर्ट क्या है, यदि अधिकारियों ने रिपोर्ट नहीं दी है तो दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाही हो सकती है?

**6. श्री महेन्द्र गोयल सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के कार्यों में पहले सीपीडब्ल्यूडी मैनुअल के नियमों के अनुसार अवार्ड एमाउंट से अतिरिक्त खर्च पर कोई कैपिंग नहीं थी;

ख) क्या यह भी सत्य है कि इनमें 30 प्रतिशत का कैपिंग हुआ और उसके बाद इसे और घटाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है; और

ग) यदि हाँ, तो इस पर बनाये गये नियम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाये?

**7. सुश्री भावना गौड़ डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पिछले एक वर्ष में शौचालयों के रख–रखाव व सफाई



f) In the last five years, how many times a Committee of RCS officers was formed for promotion of employees in Delhi Nagarik Sahkari Bank and details of the report submitted by the Committee. Further, if the officers have not given the report, what action can be taken against the guilty officers?

**6. Shri Mohinder Goyal Irrigation and Flood Control**

Will the Hon'ble Minister of Irrigation and Flood Control be pleased to state:

a) Is it true that earlier there was no capping on expenditure in excess of the award amount as per the rules of CPWD manual in the works of Irrigation and Flood Control Department;

b) Is it also true that a provision of 30 percent capping has been implemented and which was further reduced to 15 percent; and

c) If yes, detailed information about the rules made in this regard may be provided?

**7. Ms. Bhavna Gaur DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) The details of actions taken against the contractors

की शिकायतों पर कितने ठेकेदारों पर क्या–क्या कार्यवाही एवं किस–किस तिथि पर हुई, उसका पूरा विवरण दें;

ख) विभाग के माननीय मंत्री द्वारा इस विषय में क्या–क्या निर्देश मिले;

ग) उन निर्देशों पर क्या कार्रवाई हुई, पूर्ण विवरण दें;

घ) यदि कार्यवाही नहीं हुई तो दोषी अफसरों के नाम व पद का विवरण दें;

ङ) क्या डूसिब की जमीनों व ऐसेट्स के विषय में कोई ऑडिट के निर्देश मिले हैं, पूरी कार्यवाही का विवरण दें;

च) पार्किंग साइट्स व मैरिज चंक्स के समय पर टेण्डर न होने के कारण कितना वित्तीय नुकसान हुआ, कृपया विवरण दें;

छ) नुकसान के लिए कौन–कौन से अफसर दोषी हैं, उसका भी पूर्ण विवरण दें;

ज) क्या पार्किंग साइट्स एवं मैरिज चंक्स से संबंधित कुछ विजिलेंस मामले हुए हैं, कृपया सम्पूर्ण विवरण दें;

झ) क्या यह सत्य है कि डूसिब के वकील श्री परविंदर चौहान ने दिल्ली हाईकोर्ट को डीपीएस मथुरा रोड़ के निकट जे0जे0 कलस्टर नं0 12 के बारे में पूरी जानकारी नही दी; और



on the complaints for maintenance and cleaning of toilets in the last one year along with dates and details of actions;

b) Complete details of instructions given by the Minister of the Department in this matter;

c) The details of actions taken on those instructions;

d) If no action has been taken, provide details of the names and designations of the erring officers.

e) Whether any Audit instructions/observations have been received regarding the lands and assets of DUSIB. If so, the details of the complete action taken in this regard be provided'

f) The complete details of financial loss incurred by the Department due to non tendering of parking sites and marriage chunks on time;

g) The details of officers responsible for these losses;

h) Whether any vigilance cases have been initiated in respect of marriage chunks and parking sites. If so, the complete details be provided;

i) Is it true that Shri Parvinder Chauhan, Advocate/ Counsel of DUSIB did not give complete information to Delhi High Court about JJ Cluster No. 12 near DPS Mathura Road; and

ञ) जानकारी छुपाने के लिए इन वकील साहब पर क्या कार्यवाही की गई है, कृपया विवरण दें और इस प्रकरण में और कौन–कौन से अधिकारी दोषी हैं, उनका विवरण दें?

**8. श्री ऋतुराज गोविन्द — खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) किराड़ी विधानसभा में कुल कितने राशन कार्डधारक हैं;

ख) विभाग को नये राशन कार्ड के कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और कितने आवेदन लंबित हैं, पूर्ण जानकारी दें; और

ग) लंबित आवेदनों के राशन कार्ड कब तक जारी कर दिये जायेंगे?

**9. श्रीमती प्रीति जितेन्द्र तोमर — डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले चार सालों में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड ने त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित विभिन्न झुग्गी कलस्टरों में क्या–क्या काम किया, पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या यह सत्य है कि त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी कलस्टरों की स्थिति बहुत ही दयनीय है;



j) The details of action taken against the officers and above noted Advocate/Counsel for hiding the above information?

**8. Shri Rituraj Govind — Food and Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) The total number of Ration Card holders in Kirari Legislative Assembly Constituency alongwith complete details thereof;

b) The details of applications received for new ration cards by the department and how many applications are pending; and

c) The time by which the ration cards in respect of pending applications will be issued?

**9. Smt. Preeti Jitender Tomar — DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) The complete details of works done by the Delhi Urban Shelter Improvement Board in the various Slum Clusters located in Tri Nagar Assembly Constituency in the last four years;

b) Is it true that the condition of all the Slum Clusters of Tri Nagar Assembly Constituency is very pathetic;

ग) पिछले 3 वर्षों में पूरी दिल्ली के झुग्गी कलस्टरों के रख–रखाव एवं विकास के लिए सरकार ने कुल कितने पैसे आवंटित किये और विभाग द्वारा कितने पैसे खर्च किये गये; और

घ) क्या यह सत्य है कि DUSIB के चेयरमैन और कुछ अन्य अधिकारी सभी फाइलों पर ऑब्जेक्शन लगाकर सरकार के कार्य रोकने का प्रयास कर रहे हैं?

**10. श्री मोहन सिंह बिष्ट — निर्वाचन**

क्या माननीय निर्वाचन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने पोलिंग बूथ हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि पिछले दिल्ली नगर निगम चुनाव के दौरान कुछ पोलिंग बूथ काट दिये गये थे;

ग) यदि हाँ, तो इन काटे गये पोलिंग बूथ को कब तक दोबारा जोड़ दिया जायेगा;

घ) क्या यह भी सत्य है कि अनाधिकृत बस्तियों के मतदाता होने के बावजूद उनके मतदाता पहचान पत्र नहीं बनाये जा रहे हैं; और

ड.) मतदाताओं के पहचान पत्र बनाने में सरलीकरण के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है?



c) The details of fund allocated by the Government for the maintenance and development of Slum Clusters in Delhi in the last 3 years and how much fund was spent by the Department; and

d) Is it true that the Chairman of DUSIB and some other officers are trying to stop the work of the Government by raising objections on all such files?

**10. Shri Mohan Singh Bisht — Election**

Will the Hon'ble Minister of Election be pleased to state:

a) The total number of Polling Booths in Karawal Nagar Assembly Constituency;

b) Is it true that some Polling Booths were removed during the last Delhi Municipal Corporation Elections;

c) If yes, when will these Polling Booths be restored;

d) Is it also true that despite being voters of Unauthorized Clusters/Colonies, the Voter Identity Cards of these Voters are not being made; and

e) The steps taken by the Government to simplify the process of making Voters' Identity Cards?

11. श्री अब्दुल रहमान शिक्षा

क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि सीलमपुर विधानसभा में ब्रह्मपुरी रोड पर स्थित गांधी को–ऐड स्कूल का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षो से रूका पड़ा है;

ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और

ग) यह निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

12. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी सिंचाई एंव बाढ़ नियंत्रण

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) 01 जनवरी 2023 से 30 नवम्बर 2023 तक सिंचाई एंव बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा क्या–क्या काम किये गए हैं, उनका विवरण दें;

ख) इन कार्यों में कौन–कौन से कार्य बिना टेंडर के किये गए उनका पूर्ण विवरण दें;

ग) बिना टेंडर के जो कार्य किये गए वह किसके आदेश पर किये गए इसका पूर्ण विवरण दें;

घ) क्या इन कार्यों की जानकारी सम्बन्धित मंत्री को काम होने से पहले दी गई थी;



**11. Shri Abdul Rehman Education**

Will the Hon'ble Minister of Education be pleased to state:

a) Is it true that the construction work of Gandhi Co-ed School situated on Brahmapuri Road in Seelampur Assembly Constituency has been stopped for the last two years?

b) If yes, the reason thereof; and

c) The time by which this construction work be completed?

**12. Shri Akhilesh Pati Tripathi Irrigation and Flood Control**

Will the Hon'ble Minister of Irrigation and Flood Control be pleased to state:

a) The Details of the works done by the Irrigation and Flood Control Department from 01 January 2023 to 30 November 2023;

b) Complete details of such works done without tender;

c) On whose directions, these works were done without tender;

d) Whether intimation about these works was given to the concerned Minister before initiating the work;

ङ) यदि हाँ, तो उसका पूर्ण विवरण दें; और

च) यदि माननीय मंत्री जी की जानकारी के बिना विभाग के प्रधान सचिव द्वारा 50 करोड़ रूपये से कम के कार्य सैंक्शन किये जा रहे हैं तो विभाग के प्रधान सचिव की जवाबदेही चुनी हुई सरकार के प्रति कैसे तय की जाए, इसका विवरण दें?

13. श्री अनिल कुमार बाजपेयी खाद्य एवं आपूर्ति

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने राशन कार्ड धारी हैं; और

ख) 2015 से लेकर 31 अक्टूबर, 2023 तक कितने लोगों के नाम काटे गये, पूर्ण जानकारी दस्तावेजों सहित उपलब्ध करायी जाये?

14. श्री सुरेन्द्र कुमार पर्यावरण

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) 30 नवम्बर, 2023 को माननीय दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा असोला भाटी सेंचुरी में वॉकेथान और साइकिलोथोन को गलत ठहराया गया। यह कार्य किसके निर्देश पर किया जा रहा था, उसका विवरण दें;



e) If yes, complete details of the same be provide; and

f) If works of less than Rs. 50 Crores were sanctioned by the Principal Secretary of the Department without the knowledge of the Minister, then how the accountability of the Principal Secretary of the Department would be fixed towards the Elected Government in this matter.

**13. Shri Anil Kumar Bajpai Food and Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) The total number of Ration Card holders in Gandhi Nagar Assembly Constituency; and

b) The complete details of Ration Card holders whose names were deleted from the year 2015 to 31st October, 2023.

**14. Shri Surendra Kumar Environment**

Will the Hon'ble Minister of Environment be pleased to state:

a) On 30 November, 2023, Walkathon and Cyclothon was termed as wrong by the Delhi High Court in Asola Bhati Sanctuary. On whose instructions, these events were conducted alongwith complete details thereof;

ख) क्या संबंधित मंत्री को इसकी जानकारी थी;

ग) माननीय मंत्री की जानकारी के बगैर इतना बड़ा कार्यक्रम कैसे किया जा रहा था, इसके लिए दोषी अधिकारियों की सूची उपलब्ध करायें; और

घ) क्या इस कार्यक्रम के निर्देश माननीय उप–राज्यपाल द्वारा दिए गए थे?

**15. श्री राजेश ऋषि — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) जनकपुरी विधानसभा में वार्ड 104, 105 एवं 106 में विकलांग व्यक्तियों को वैध रूप से दिए गए अधिकृत खोखो, फूड वैन, गन्ने के कोल्हू, आवंटन का स्थान, आवंटन किस आधार पर किए गये इसका संपूर्ण विवरण एवं सूची उपलब्ध करवायें;

ख) जनकपुरी विधानसभा में वार्ड 104, 105 एवं 106 में चल रहे अनाधिकृत खोखो, फूड वैन, गन्ने के कोल्हू, किन किन स्थानों पर चल रहे हैं और इन पर कब–कब और क्या–क्या कार्यवाही की गयी, पूर्ण विवरण दें;

ग) जनकपुरी विधानसभा में एमसीडी द्वारा कितने पार्किंग जोन स्वीकृत किये गये हैं व उनके नाम, पता, जीपीएस लोकेशन आवंटन के टेंडर की कॉपी का पूर्ण विवरण दें, जेल रोड पर पार्किंग किस आधार पर की जा रही है;



b) Whether the concerned Minister was aware of this;

c) The reasons for such a big programme being conducted without the knowledge of the Minister and the list of officers responsible for this be provided; and

d) Whether the directions for these events were given by the Hon’ble Lieutenant Governor?

**15. Shri Rajesh Rishi — Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be

pleased to state:

a) Complete details of authorized Kiosks, Food Vans, Sugarcane Crusher allotted to disabled persons in Ward 104, 105 and 106 in Janakpuri Assembly Constituency including place and basis of allotment;

b) The details of action being taking against unauthorised Kiosks, Food Vans, Sugarcane Crusher running in Ward 104, 105 and 106 in Janakpuri Assembly Constituency;

c) The details of parking zones approved by the MCD in Janakpuri Assembly Constituency along with their names, addresses, GPS location and copy of the tender for allotment and the basis of parking allowed on Jail Road alongwith complete details;

घ) जनकपुरी विधान सभा में वार्ड 104, 105 एवं 106 के अर्न्तगत सफाई कर्मचारियों का संपूर्ण विवरण व कार्यरत सफाई कर्मचारियों को दिये गये सफाई के लिये साधनों का संपूर्ण विवरण दस्तावेजों के साथ दें;

ड.) जनकपुरी विधानसभा में कूड़े खत्तों की संख्या वार्डवार दें और कूड़े खत्तों का प्रभार जिन निजी एजेंसियों को दिया गया है उनका पूर्ण विवरण एग्रीमेंट कॉपी के साथ दें;

च) जनकपुरी के डिस्ट्रिक्ट सेंटर पंखा रोड ए–1 ब्लॉक कूड़ा खत्तों में किन–किन वार्डों के कचरे का निस्तारण किया जा रहा है, इसका पूर्ण विवरण दें;

छ) जनकपुरी, विकास पुरी, द्वारका, उत्तम नगर एवं हरि नगर विधानसभा क्षेत्रों में कितने ढलाव हैं, उनमें से कितने चालू हालत में हैं, कितने बंद हो गये हैं, और बंद ढलावों का कचरा कहाँ फेंका जाता है;

ज) क्या विकासपुरी, द्वारका, उत्तम नगर, हरि नगर विधान सभा क्षेत्रों का कूड़ा जनकपुरी के पंखा रोड पर स्थित ढलावों में डालने का कोई आदेश है;

झ) जनकपुरी के वार्ड 104, 105 एवं 106 में कितनी संपत्तियों को वर्ष जनवरी 2019 से नवंबर 2023 तक कंपलीशन सर्टिफिकेट एवं एनओसी दिए गए, कृपया उसकी कॉपी देने की कृपा करें;

ञ) क्या जनकपुरी के 60 फीट रोड पर सील्ड बिल्डिंग (विशाल मेगा मार्ट एवं अन्य) में शोरूम चल रहे हैं, विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही का पूर्ण विवरण दें; और



d) The details of Sanitation Staff deployed in Ward 104, 105 and 106 in Janakpuri Assembly Constituency and resources provided for sanitation work;

e) Ward-wise details of Garbage Dhalao in Janakpuri Assembly Constituency alongwith details of the Private Agencies to whom they have been allotted along with the copy of Agreement;

f) The details of Wards whose waste is being deposited in the Garbage Dhalao of District Center Pankha Road A-1 Block of Janakpuri;

g) The number of Dhalaos functioning and closed in Janakpuri, Vikas Puri Dwarka, Uttam Nagar, Hari Nagar Assembly Constituencies, and where the garbage of closed Dhalao is being dumped deposited;

h) Is there any order to deposit the garbage of Vikas Puri, Dwarka, Uttam Nagar, Hari Nagar Assembly Constituencies in the Dhalao located at Pankha Road of Janakpuri;

i) The details of Completion Certificate and NOC issued to properties in Ward 104, 105 and 106 of Janakpuri from January 2019 to November 2023, and copies of thereof;

j) Whether Showrooms are being run in the sealed building (Vishal Mega Mart and others) on 60 feet road, Janakpuri. If so, complete details of the action taken by the department be provided; and

ट) जनकपुरी के सभी वार्डों 104, 105 एवं 106 में किन–किन संपत्तियों को डी–सील किया गया और किस आधार पर किया गया, इसका संपूर्ण विवरण उपलब्ध करवाएं?

**16. श्री अजय महावर पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) सरकार द्वारा गांव गढ़ी मेंडू और पुराना गांव उस्मानपुर गांवों के विकास व जीव–जन्तुओं के रख–रखाव के लिये क्या–क्या कदम उठाये गए;

ख) पुराना गांव गढ़ी मेंडू और पुराना उस्मानपुर के विकास कार्य के लिये सोनिया विहार पुश्ते की तरह वजीराबाद रोड़ से शास्त्री पार्क तक एक पुश्ते का निर्माण करने के लिये क्या सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है;

ग) यदि हाँ, तो कब तक पुश्ते का निर्माण किया जाएगा;

घ) पूसा बायो डी–कम्पोजर घोल कितने क्षेत्र में कितने किसानों को बांटे गये और इस घोल के छिड़काव पर कितनी राशि खर्च हुई तथा इससे जुड़े प्रचार–प्रसार पर कितनी धनराशि खर्च हुई, इन सभी की वर्षवार जानकारी दें; और

ङ) दिल्ली में प्रदूषण के हॉट–स्पॉट कम करने के लिये क्या–क्या कदम उठाये गये और इन उपायों से कितना प्रदूषण कम हुआ इसकी विस्तृत जानकारी दें, साथ ही



k) The details of properties which were de-sealed in Wards 104, 105 and 106 of Janakpuri and reasons for de-sealing?

**16. Shri Ajay Mahawar Environment**

Will the Hon'ble Minister of Environment be pleased to state:

a) The details of the steps taken by the Government for the development of Village Garhi Medhu and Old Village Usmanpur and steps taken for the up-keepment of animals in these Villages.

b) Whether the Government is considering to construct a Pushta from Wazirabad Road to Shastri Park like Sonia Vihar Pushta for the development works of Old Village Garhi Medu and Old Usmanpur;

c) If yes, by when this Pushta will be constructed;

d) Year wise details of Farmers and Area to whom Pusa Bio-decomposer Solution was distributed, year wise details of amount spent on spraying Pusa Bio-decomposer Solution and year wise details of amount spent so far on publicity related to spraying Pusa Bio-decomposer Solution; and

e) The details of measures taken to reduce Hot Spots of pollution in Delhi and how much pollution was reduced by such measures. Whether the Government has also

13

क्या सरकार ने प्रदूषण के कुछ नये हॉट–स्पॉट भी चिन्हित किये हैं तो उसका भी विवरण दें?

17. **श्री भूपिंदर सिंह जून** **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) डीवीडीबी के समक्ष बिजवासन विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कितने विकास कार्य लंबित हैं, और कितने समय से;

ख) पिछले एक वर्ष में बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के कितने प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है व क्या उनके लिए प्रशासनिक स्वीकृति तथा 'एक्सपेंडीचर सैंक्शन' प्रदान की गई है;

ग) क्या सभी गाँवों के विकास कार्य हेतु दो करोड़ रुपए प्रति विधान सभा क्षेत्र स्वीकृत किए जाने की कोई योजना है;

घ) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के गाँवों में विकास हेतु अब तक कितनी राशि जारी की जा चुकी है; और

ङ) क्या डीवीडीबी में प्रस्तुत प्रस्तावों को स्वीकृत या अस्वीकृत किए जाने हेतु कोई समय–सीमा निर्धारित है?

18. **श्री संजीव झा** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि नगर निगम के द्वारा बुराड़ी विधान



identified some New Pollution Hot Spots. If so, the complete details be provided?

**17. Shri Bhupinder Singh Joon** **Development**

Will the Hon'ble Minister of Development be pleased to state:

a) How many proposals of Bijwasan AC-36 pertaining to development works are pending with DVDB at present and since when;

b) How many proposals of Bijwasan AC-36 have been approved and Administrative Approval & Expenditure Sanction have been accorded in the last one year;

c) Whether there is any plan to sanction Rs. 2 Crore each for development works in all Villages of Assembly Constituencies;

d) How much amount has been released so far pertaining to development works in Villages of Bijwasan AC-36; and

e) Whether there is any time frame within which the proposals of works submitted to DVDB are to be approved or rejected?

**18. Shri Sanjeev Jha** **Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Is it true that a drive has been conducted by the Municipal Corporation to remove encroachment and

सभा की मुख्य 100 फुट सड़क पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग को हटाने के लिए कोई ड्राइव चलाई गई है;

ख) यदि हाँ, तो उसका विवरण दीजिए;

ग) क्या यह सत्य है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने अवैध पार्किंग को न हटाने के लिए नगर निगम को कोई आदेश जारी किया है;

घ) मुख्य 100 फुट सड़क पर मौजूद मॉल की अवैध पार्किंग, और अतिक्रमण को लेकर नगर निगम ने कब–कब नोटिस जारी किये उसका विवरण दीजिए; और

ङ) पिछले एक वर्ष के दौरान झड़ौदा और कमालपुर वार्ड में तहबाजारी के लाईसेंसिंग ऑफिसर द्वारा दुकानों और फैक्ट्रीयों की अवैध पार्किंग, अतिक्रमण के सम्बन्ध में भेजे गए नोटिस और उस पर की गई कार्यवाही की जानकारी दें?

**19. श्री शिव चरण गोयल सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एव बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या मोती नगर विधानसभा क्षेत्र में नज़फगढ़ ड्रेन, जो पहले साहिबी नदी के नाम से जानी जाती थी, उस नाले की सफाई समय–समय पर करवाई जाती है, इसका पूरा ब्यौरा दें;



illegal parking from the main 100 feet road of Burari Assembly Constituency;

b) If yes, details of the same be provided;

c) Whether it is a fact that the Delhi High Court has issued an order to the Municipal Corporation of Delhi not to remove illegal parking;

d) The details of notices issued by the MCD regarding illegal Parking of existing Mall on main 100 feet road; and

e) The details of Notices sent and action taken by the Licensing Officer of Tehbazari in Jharoda and Kamalpur Ward regarding illegal parking and encroachment by shops and factories during the last one year?

**19. Shri Shiv Charan Goel Irrigation and Flood Control**

Will the Hon'ble Minister of Irrigation and Flood Control be pleased to state:

a) Whether the Najafgarh Drain in Moti Nagar Assembly Constituency, which was earlier known as Sahibi River is being cleaned from time to time. If so, complete details of the same be provided;

ख) वर्तमान समय में नाले की सफाई की क्या स्थिति है;

ग) क्या यह सच है कि नाले में गंदगी भरी हुई है;

घ) यदि हाँ, तो उसकी सफाई की व्यवस्था किन माध्यमों से की जाती है और किस एजेंसी द्वारा की जाती है, इसका पूर्ण विवरण दें;

ङ) ईएसआई–बसई, करमपुरा–पंजाबी बाग और अशोका पार्क–रामपुरा में पुलों के निर्माण के समय जो भी मैटेरियल नाले में गिरा, क्या उसकी सफाई करवाई गई; और

च) यदि हाँ, तो इसका पूर्ण विवरण दें?

20. श्री ओम प्रकाश शर्मा पर्यावरण

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में पिछले 10 वर्षों के दौरान PM2.5 व PM10 की औसत मात्रा का विवरण माहवार प्रदान करें;

ख) दिल्ली में पिछले 10 वर्षों के दौरान PM2.5 व PM10 की औसत मात्रा कितने मोनिटरिंग स्टेशन के आधार पर हो रहा है, इसकी माहवार जानकारी प्रदान करें;

ग) दिल्ली में पिछले 10 वर्षों के दौरान PM2.5 व PM10 की औसत मात्रा बढ़ने व घटने के आंकलन पर एक्सपर्ट की क्या राय है, क्योंकि अलग–अलग महीनों में मोनिटरिंग स्टेशन की संख्या भिन्न–भिन्न रही है;



b) What is the status of cleaning of this drain at present;

c) Is it true that the drain is full of filth;

d) If yes, provide full details of the methods and arrangements of cleaning the drain and agencies responsible for the same;

e) Whether the materials dumped into the drain during the construction of ESI- Basai, Karampura-Punjabi Bagh and Ashoka Park-Rampura bridges have been cleaned out; and

f) If yes, complete details be provided?

**20. Shri Om Prakash Sharma Environment**

Will the Hon'ble Minister of Environment be pleased to state:

a) Month wise details of average quantity of PM2.5 and PM10 in Delhi during the last 10 years;

b) The details of Monitoring Stations on the basis of which the average quantity of PM 2.5 and PM 10 was calculated in Delhi during the last ten years;

c) The details of Expert's opinion on the assessment of increase and decrease in pollution based on the average amount of PM2.5 and PM 10 during the last 10 years, since the number of Monitoring Stations have been different in different months;

घ) ट्री टांसप्लांटेशन पॉलिसी को लाने के पीछे मुख्य कारण क्या थे;

ङ) ट्री टांसप्लांटेशन पॉलिसी को लाने के बाद व उससे पहले लगाये गये पेड़ों की संख्या व उनके सर्वाइवल से जुड़ी जानकारी का विस्तृत वर्षवार विवरण दें;

च) ट्री टांसप्लांटेशन पॉलिसी के अपने उद्देश्य में विफल होने के प्रमुख कारण क्या हैं;

छ) दिल्ली के चयनित हॉट–स्पॉट पर प्रदूषण कम करने के लिये उठाये गये उपायों से कितना प्रदूषण कम हुआ, माहवार जानकारी दें; और

ज) पिछले कुछ वर्षों के दौरान किन–किन स्थानों को नये हॉट–स्पॉट घोषित करने पर विचार हुआ है या अनुसंशा मिली है विस्तृत जानकारी दें?

**राज कुमार**

**सचिव**



d) The main reasons for implementing “Tree Transplantation Policy”;

e) Years-wise details of numbers of Trees planted before and after introduction of the “Tree Transplantation Policy” and their survival status;

f) The main reasons for failure of objectives of “Tree Transplantation Policy”;

g) Month wise information as to how much pollution was reduced due to the measures taken to reduce pollution at selected Hot Spots of Delhi; and

h) Details of information about places which are being considered or recommended for declaring new Hot Spots during the last few years?

**Raj Kumar**

**Secretary**

# विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**लिखित उत्तरों** के लिए प्रश्नों की सूची

शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023 / 24 अग्रहायण 1945 (शक)

**कुल प्रश्न : 77**

1. श्री भूपिंदर सिंह जून — शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पुष्पांजलि फार्मस् में कोई गैर कानूनी या अवैध निर्माण कार्य चल रहे हैं;

ख) यदि हाँ, तो क्या इन ग़ैर कानूनी और अवैध निर्माणों को दिल्ली नगर निगम द्वारा दर्ज़ किया गया है;

ग) क्या बिजवासन में पुष्पांजलि फार्मस् के एफ–27 में होने वाले निर्माण कार्य को दिल्ली नगर निगम द्वारा स्वीकृति या वैधता प्रदान की गई है;

घ) यदि नहीं, तो क्या उक्त ग़ैर कानूनी निर्माण के विरुद्ध दिल्ली नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई की गई है या भविष्य में की जानी प्रस्तावित है; विवरण प्रदान करें; और

ङ) क्या पुष्पांजलि फार्मस्, बिजवासन में द्वारका सेक्टर 21 अंडरपास से राष्ट्रीय राजमार्ग–48 की ओर जाने वाले मार्ग पर चल रहे 'मैरिज हॉल/विवाह स्थल', जो ट्रैफिक जाम और दैनिक भीड़भाड़ का मुख्य कारण हैं, को दिल्ली नगर निगम द्वारा 'एप्रूवड प्लान' और 'कंप्लीशन सर्टिफिकेट' के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है?



2. श्री भूपिंदर सिंह जून — शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) बिजवासन क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण की कितनी सड़कों व कॉलोनियों को दिल्ली नगर निगम को हस्तांतरित किया गया है;

ख) क्या नांगल देवत गाँव में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा सामुदायिक भवन बनाए जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

ग) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण ने बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के शाहबाद मोहम्मदपुर, सालापुर खेड़ा व रंगपुरी गाँवों में 'सेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट' (डीएसटीपी) बनाए जाने हेतु दिल्ली जल बोर्ड को दिए जाने के लिए कोई भूखंड चिह्नित किया है;

घ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा महिपालपुर के के–ब्लॉक में बनाए जा रहे सामुदायिक केंद्र को रोक दिया है, यदि हाँ, तो क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण इसके लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र देने पर विचार कर रहा है; और

ङ) क्या पालम कॉलोनी, राजनगर में 'फायर इंस्टीट्यूट' के समीप प्लॉट पर दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दो मंज़िला सामुदायिक भवन बनाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है?

3. श्रीमती प्रीति जितेन्द्र तोमर शहरी विकास

क्या माननीय **माननीय शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न विकास कार्यों को करवाने के लिए सीएम लैड फंड और एमएसपीवाई फंड का प्रावधान किया गया था;

ख) यदि हाँ, तो सीएम लैड फंड और एमएसपीवाई फंड के लिए सरकार ने कितने–कितने रूपए आवंटित किये थे;

ग) क्या यह भी सत्य है कि सीएम लैड फंड और एमएसपीवाई फंड से विकास कार्य करवाने के लिए बहुत सारे विधायकों ने 3 महीने पहले शहरी विकास मंत्री के माध्यम से शहरी विकास विभाग में विभिन्न प्रपोजल जमा किये थे लेकिन आज तक इन प्रपोजल्स के लिए कोई फंड रिलीज नहीं किया गया; और

घ) यदि नहीं, तो फंड रिलीज नहीं करने के क्या कारण हैं?



4. श्री जरनैल सिंह शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष हर विधायक को 4 करोड़ रुपये का विधायक निधि कोष जारी किया जाता है;

ख) यदि हाँ, तो वर्ष 2015–16 से लेकर 2023–24 तक प्रतिवर्ष प्रति विधानसभा कितना फंड जारी किया गया, पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या बचा हुआ फंड अगले साल में जोड़ दिया जाता है;

घ) यदि हाँ, तो उसका विधानसभावार पूर्ण विवरण दें;

ङ) वर्ष 2015–16 से लेकर अब तक अनुमानित राशि व टेंडर राशि के बीच का फर्क क्या संबंधित विभागों से वापस लिया गया;

च) यदि नहीं, तो उसका कारण बताएं;

छ) यदि हाँ, तो क्या इसे विधायक निधि कोष में जोड़ दिया गया है; और

ज) विभाग के पास प्रति विधानसभा कितने प्रपोजल पैन्डिग पड़े हैं, कारण सहित पूर्ण विवरण दें?

5. श्री संजीव झा — शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) किसी रिहायशी क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाने के लिए टॉवर लगाने वाली एजेंसियों को कौन–कौन से डॉक्यूमेंट और एनओसी की आवश्यकता होती है;

ख) नया मोबाइल टॉवर लगाने के लिए एजेंसी को कौन–कौन से विभागों से एनओसी की आवश्यकता होती है;

ग) क्या यह सत्य है कि नगर निगम द्वारा मोबाइल टॉवर लगाने से पहले बिल्डिंग के स्ट्रक्चर की मजबूती जांची जाती है;

घ) वह कौन–से कारण है जिसकी वजह से मोबाइल टॉवर लगाने की अनुमति रद्द की जा सकती है; और

ङ) यदि आस–पास के रिहायशी इलाके में रहने वाले लोगों को मोबाइल टॉवर से कोई आपत्ति है तो वह कहाँ और कैसे इसकी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं?

6. श्री संजीव झा — शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि नगर निगम चुनाव 2022 के दौरान बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र–02 के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं;



ख) यदि हाँ, तो नगर निगम चुनाव 2022 के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं का विवरण नाम, पता, बूथ संख्या, पोलिंग स्टेशन सहित उपलब्ध करवाएं; और

ग) यदि किसी मतदाता का नाम हटाया जाता है तो उसको दोबारा मतदाता सूची में शामिल करने की क्या प्रक्रिया है, पूर्ण विवरण दें?

7. श्री अभय वर्मा — शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा–58 में मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2021–2022, 2022–2023 एवं 2023–24 में सड़क निर्माण हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुये, किन–किन सड़कों का आवेदन मिला, वह बजट कितने का था और बजट आबंटित न होने का कारणों सहित विस्तृत जानकारी देने का कष्ट करें;

ख) लक्ष्मी नगर विधानसभा–58 में मुख्यमंत्री लोकल बॉडी डेवलपमेंट के अन्तर्गत कितने आवेदन प्राप्त हुये व वर्ष 2022–2023 एवं 2023–24 किन–किन सड़कों के निर्माण के लिए आवेदन मिला है, इसकी विस्तृत जानकारी दी जाये;

ग) वर्ष 2023–2024 में मुख्यमंत्री सड़क पुर्ननिर्माण योजना एवं मुख्यमंत्री लोकल बॉडी डेवलपमेंट योजना के तहत

किन–किन विधानसभा क्षेत्रों को किन–किन सड़कों के लिये कितना बजट मिला है, पूर्ण विवरण दें;

घ) मुख्यमंत्री सड़क योजना के बजट जारी करने के नियम क्या हैं;

ङ) स्कीम के चयन की क्या कोई प्रक्रिया है;

च) यदि हाँ, तो किस कानून के तहत है, इसकी पूर्ण जानकारी दी जाये;

छ) क्या मुख्यमंत्री सड़क योजना के नियम के सर्कुलर का अप्रूवल कैबिनेट व उपराज्यपाल से होता है;

ज) यदि हाँ, तो विस्तृत जानकारी दें;

झ) यदि नहीं, तो इसका क्या कारण है; और

ञ) विभाग के एचओडी द्वारा विधानसभा क्षेत्र हेतु अधिकतम बजट देने का क्या अधिकार है, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी जाये?

8. श्री अभय वर्मा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण

क्या माननीय **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लक्ष्मीनगर विधानसभा में वर्ष 2020, 2021, 2022, एवं 2023 इन विगत 4 वर्षों में अनाधिकृत कॉलोनी के बजट से



सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग जोन–1 के सिविल खंड–3 के द्वारा लक्ष्मी नगर विधान सभा–58 में कितने कार्य पूरे किये जा चुके हैं और कितने कार्य चल रहे हैं और कितने कार्यों का बजट आना बाकी है, प्रत्येक कार्य अनुसार इसमें खर्च होने वाले कुल बजट, कार्य कब से शुरू हुआ और कब समाप्त हुआ और कुल कितनी लंबी सड़क बनायी गयी या बनाई जायेगी, की विस्तृत जानकारी दी जाये;

ख) अब तक अनाधिकृत कॉलोनी का बजट मिलने के बाद सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग जोन–1 के सिविल खंड–3 के कितने कार्यों का टेंडर नहीं हो पाया, विस्तृत जानकारी दी जाये;

ग) वर्ष 2023–2024 में अनाधिकृत कॉलोनी के लिये लक्ष्मीनगर विधान सभा–58, पटपड़गंज विधान सभा–57, कोंडली विधानसभा–56 व त्रिलोकपुरी विधान सभा–55 को कुल कितना बजट और किस कार्य के लिये आवंटित किया गया हैं, विस्तृत जानकारी दें;

घ) क्या गणेश नगर काम्प्लेक्स अक्षर धाम के सामने यातायात के लिये शाहदरा लिंकड्रेन के ऊपर पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

ङ) यदि हाँ, तो कब तक यह कार्य किया जा सकेगा एवं उस पर कितना खर्च आयेगा, विस्तृत जानकारी दें; और

च) वर्तमान में सिंचाईं एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग जोन–1 के सिविल खंड–3 द्वारा लक्ष्मीनगर विधान सभा–58 में कितने कार्य चल रहे हैं और कब तक पूरे कर लिये जायेंगे?

9. श्री दुर्गेश पाठक — शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि पर्याप्त प्रकाश–व्यवस्था, अपराधों को रोकने में सहायक होती है और दिल्ली मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना के आगामी चरण में 70,000 लाइट्स लगाई जानी हैं;

ख) क्या यह भी सत्य नहीं है कि प्रकाश व्यवस्था के आधारभूत ढाँचे में सुधार हेतु यह बहुत आवश्यक है; और

ग) इस परियोजना को कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

10. श्री ओम प्रकाश शर्मा — शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या एमसीडी के 800 सरकारी स्कूलों में 37484 कुर्सी और 6246 मेज लगाने का काम किसी एजेंसी को दिया गया हैं;

ख) यदि हाँ, तो किस एजेंसी को दिया गया है तो कितनी राशि में दिया गया है व कृपया टेंडर व उससे जुड़ी विस्तृत जानकारी दें;



ग) अस्पतालों, औषधालयों को नया रूप देने के लिए एमसीडी ने 117 करोड़ रूपये अलग रखे हैं, इस विषय पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवायें; और

घ) इस राशि का कब व कहाँ इस्तेमाल हुआ है, किन–किन एजेंसियों ने इस मद के पैसे खर्च किए हैं व इसके टेंडर से जुड़ी जानकारी प्रदान करें?

11. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) ग्रेटर कैलाश विधानसभा की आवारा गायों को हटाकर गौशाला भेजने के विषय में कितने शिकायत–पत्र प्राप्त हुए, उसका विवरण दें;

ख) इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही हुई और कुल कितनी गाय वहां से उठाकर गौशाला पहुंचाई गयी, उसका तिथिवार विवरण दें;

ग) क्या आज भी आवारा पशुओं के विषय में शिकायतें मिल रहीं है;

घ) कितने आवारा पशु चिराग दिल्ली, शेख सराय, अलकनन्दा, डीडीए फ्लैट्स कालकाजी और सावित्री नगर में आज भी घूम रहे हैं, पूरी गिनती बतायें;

ड.) बार–बार शिकायत करने पर भी पूरी कार्यवाही न करने के लिये कौन–कौन से अधिकारी दोषी हैं, कृपया उनका विवरण दें; और

च) इस विषय में डीसी साउथ को स्थानीय विधायक व निगम पार्षद द्वारा फोन पर कितनी बार मैसेज व्हाट्सएप पर मिले, उसका पूर्ण विवरण दें?

12. श्री जरनैल सिंह शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) 1 जनवरी 2015 से लेकर अब तक दिल्ली नगर निगम में प्रत्येक जोन में कितने अवैध निर्माण हुए, उसकी वर्षानुसार विस्तृत जानकारी दें;

ख) इन अवैध निर्माणों में से कितनो को गिराया गया व कितनो को सील किया गया इसकी भी जोन अनुसार विस्तृत जानकारी दें;

ग) सील की गयी संपत्तियों में से कितनी संपत्तियों को डी–सील किया गया व किस आधार पर किया गया उसकी भी जानकारी दें;

घ) उपरोक्त अवैध निर्माणों में कितनों को आंशिक रूप से तोड़ा गया व कितनों को पूर्णतया तोड़ा गया इसकी भी जानकारी दें;



ड.) जिन संपतियों पर सील व डिमोलिशन एक्शन हुआ उन्हें पुनः न बनने देने की जिम्मेदारी किन अधिकारियों पर होती है;

च) क्या सील की गयी या डिमोलिश की गयी संपत्तियों के पुनः निर्माण से संबंधित कोई शिकायत विभाग के पास आई, यदि हाँ, तो उन सभी शिकायतों का विवरण दें;

छ) इन सभी विभाग के पास यह जानकारी है कि सील की हुई या डिमोलिश की हुई अवैध संपत्तियों पर पुनः निर्माण हो रहा है तो इसे रोकने के लिये विभाग क्या कर रहा है, अभी तक अवैध संपत्तियों के पुनः निर्माण से संबंधित विभाग ने दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की है, उसकी भी जोन–वाईज जानकारी दें;

ज) क्या एमसीडी के बाईलॉज के अनुसार उसके अधिकार क्षेत्र में बने शॉपिंग माल और अस्पतालों के अंदर पार्किंग में वाहन खड़े करने पर पार्किंग शुल्क लेने का प्रावधान है;

झ) क्या पश्चिमी दिल्ली में सुभाष नगर स्थित पैसिफिक माल में पिछले कुछ सालों से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है;

ञ) यदि नहीं, तो क्या इस पैसिफिक माल में 24 नवम्बर से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है;

ट) यदि हाँ, तो एमसीडी बाईलॉज के विरूद्ध जाकर उस पैसिफिक माल को पार्किंग शुल्क लेने की अनुमति एमसीडी ने क्यों दी, इस फैसले की पूरी पृष्ठभूमि और ब्यौरा दें;

ठ) जिस भी कारण से एमसीडी ने पैसिफिक माल को पार्किंग शुल्क लेने की जनविरोधी अनुमति दी क्या इस फैसले को जनता के भले के लिये और एमसीडी के बाईलॉज के अनुसार वापस लेने के लिये समुचित कदम उठाये हैं, यदि हाँ, तो पूरा ब्यौरा दें; और

ड) एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी माल और अस्पतालों में खड़े किये जाने वाले वाहनों से पार्किंग शुल्क लेने का क्या प्रावधान है, प्रत्येक माल और अस्पताल के संदर्भ में अलग–अलग पूर्ण विवरण दें?

13. श्री महेन्द्र गोयल शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली नगर निगम ट्रेड लाईसेंस फीस को बढ़ाने की योजना कर रहा है,

ख) यदि हाँ, तो यह बढ़ोत्तरी कब से लागू होगी और इसमें कितनी बढ़ोत्तरी करने की योजना है;

ग) वर्तमान समय में दिल्ली में ट्रेड लाईसेंस फीस क्या है;

घ) पिछले 5 वर्षों में दिल्ली में ट्रेड लाईसेंस फीस वर्षानुसार क्या–क्या थी, समस्त विवरण दें; और

ड़) दिल्ली नगर निगम द्वारा पिछले एक साल में कितने व्यवसायिक स्थानों को सील किया गया और अब उन स्थानों का क्या स्टेटस है, कृपया समस्त जानकारी दें?



14. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्ष 2013 से लेकर अब तक विधायक निधि एवं मुख्य मंत्री सड़क निर्माण योजना के अंतर्गत अब तक कौन–कौन से कार्य आवंटित हुए हैं, इसकी कार्य सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए;

ख) वर्ष 2013 से लेकर अब तक कौन–कौन से कार्य अभी आवंटित होने रह गए हैं और किन कारणों से ये होल्ड पर हैं, कार्य सहित पूरी लिस्ट उपलब्ध कराएं;

ग) वर्ष 2013 से लेकर अब तक किन–किन कार्यों के एजेंसी को पूरा बजट आवंटित किया गया है और जिन–जिन कार्यों के पूरा बजट जारी कर दिया गया है उन सभी कार्यों में विधायक द्वारा दिए गए ''समापन प्रमाण पत्रों'' की कॉपी उपलब्ध कराई जाए; और

घ) वर्ष 2013 से लेकर अब तक उत्तरी दिल्ली नगर निगम एवं दिल्ली नगर निगम में कितनी राशि मॉडल टाउन विधानसभा के विधायक निधि की वापस आनी बाकी है और वो कब तक वापस आकर विधायक निधि में जुड़ जाएगी?

15. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मॉडल टाउन विधान सभा में दिल्ली विकास प्राधिकरण की

कितनी जमीनें हैं, कहां –कहां पर हैं और यह जो खाली जमीनें हैं वे किस–किस प्रयोग में हैं;

ख) पिछले 10 सालों में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली सरकार या एमसीडी को कितनी जमीनें बेची गयी हैं, वो किस–किस मदों के लिये बेची गयी, उसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें;

ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा मॉडल टाउन विधान सभा के चौकी नंबर–4 पर हॉस्पिटल के लिये दिल्ली सरकार को 11350 स्कवेयर मीटर आवंटित किया गया था, इस जमीन पर दिल्ली सरकार को कब तक कब्जा दे दिया जायेगा;

घ) दिल्ली विकास प्राधिकरण के मॉडल टाउन विधान सभा में कितनी मार्किटें हैं और उन मार्किटों की दुकानों एवं ऑफिसों को किन–किन को आवंटित किया गया है, अभी कितनी दुकान/आफिस खाली हैं, उन सबकी जानकारी उपलब्ध करायी जाये; और

ड.) दिल्ली विकास प्राधिकरण के पार्कों में किन–किन ठेकेदारों को सफाई एवं अन्य सभी कर्मचारियों का टेंडर दिया गया है, इन सब ठेकेदारों के एवं संविदा पर कार्यरत सभी कर्मचारियों के नाम, पता, मोबाईल एवं पीएफएसआई के साथ उपलब्ध करायें एवं साथ ही बतायें कि किन–किन पार्कों में कौन–कौन से कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, सभी की पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें?



16. श्री सुरेन्द्र कुमार शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गोकलपुर विधान सभा क्षेत्र में डीएसआईडीसी सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली नगर निगम एवं डूसिब द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यो की सूची एवं उनके टेंडर अवार्ड की प्रतिलिपि उपलब्ध कराये;

ख) दिल्ली नगर निगम द्वारा विकास कार्यो में रूके हुए कार्यों का विवरण क्या है, उनकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए;

ग) गोकलपुर विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा नाले की सफाई का क्या विवरण है, वर्ष 2020–21 से 2023–24 तक का पूर्ण बजट एवं टेंडर की विवरण सहित कॉपी उपलब्ध कराये; और

घ) गोकलपुर के नालों की दीवारों का बजट विवरण एवं टेंडर की कॉपी दी जाए तथा विलम्ब का कारण बताया जाये?

17. श्री शिव चरण गोयल शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मोती नगर विधानसभा में पिछले 2 वर्षों में MCD Building विभाग द्वारा वार्ड 89, 90, 91 में की गई सील्ड्स सम्पत्तियों और नोटिसों का पूर्ण विवरण दें, नोटिस कॉपी के साथ और इन बिल्डिंग्स पर की गई कार्यवाही का संपूर्ण विभागीय

विवरण (दस्तावेज) जिसमें पता, नोटिस की कॉपी, संपत्ति को तोड़ने की रिकार्डिंग, कार्य की सत्यता हेतु पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाए;

ख) मोती नगर विधानसभा वार्ड 89, 90 एवं 91 में MCD के द्वारा कितनी संम्पत्तियों को वर्ष 2019 जनवरी से 2023 तक दिये गये कंम्पलीशन सर्टिफिकेट एवं NOC की कॉपी, दिये गये कंम्पलीशन सार्टिफिकेट के साथ दें;

ग) मोती नगर के वार्ड 89, 90 और 91 में 2019 जनवरी से 2023 में किन–किन बिल्डिंग संपत्तियों की डीसील किया गया और किस आधार पर किया गया पूर्ण विवरण उपलब्ध करवायें; और

घ) मोती नगर विधानसभा के अंदर अवैध भवन बनाकर कब्जे, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे, सरकारी भूमि पर टीन शेड लगाकर अवैध कब्जे की जो कंप्लेंट MCD कमिश्नर के पास है उस पर क्या कार्यवाही की गई?

18. श्री शिव चरण गोयल शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मोती नगर विधानसभा में वार्ड 89, 90 एंव 91 में विकलांग व्यक्तियों को वैध रूप से दिये गये और अधिकृत खोखे तहबाजारी के अंतर्गत आवंटन का स्थान किस आधार पर किया गया, इसका पूर्ण विवरण एवं पूर्ण सूची उपलब्ध करवायें;



ख) मोती नगर विधानसभा के वार्ड 89, 90 एंव 91 में वर्तमान में अनाधिकृत खोखे किन–किन स्थानों पर चल रहे हैं, इसका संपूर्ण विवरण (दस्तावेज़) के साथ, संख्या व सूची दें और इन पर कब–कब और क्या कार्रवाई की गई पूर्ण विवरण दें;

ग) मोती नगर विधानसभा में MCD द्वारा कितने पार्किंग ज़ोन स्वीकृत किये गये हैं, व उन के नाम, पता, GPS लोकेशन, आवंटन की टेंडर कॉपी (आवंटन का आधार) का पूर्ण विवरण दें;

घ) मोती नगर विधानसभा के वार्ड 89, 90 एंव 91 के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों का संपूर्ण विवरण एवं कार्यरत सफाई कर्मचारियों को सफाई हेतु दिए गए साधनों का पूर्ण विवरण (दस्तावेज के साथ);

ङ) क्या यह सत्य है कि मोती नगर विधानसभा में रामपुरा में अवैध डेरी चल रही हैं; और

च) यदि हाँ, तो उसको बंद करने की क्या कार्रवाई की गई?

19. श्री शिव चरण गोयल शहरी विकास

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि मोती नगर विधान सभा में 30 प्रतिशत आबादी क्लस्टर में रहती है;

ख) क्या क्लस्टर क्षेत्रों में एमसीडी के सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित सफाई की जाती है;

ग) यदि सफाई की जाती है तो प्रतिदिन कितने किलोमीटर और किस प्रकार की जाती है; और

घ) इन क्लस्टर क्षेत्रों में नियुक्त एमसीडी सफाई कर्मचारियों के नाम, मोबाइल नम्बर एवं पद के साथ पूर्ण ब्यौरा दें?

**20. श्रीमती बंदना कुमारी** **शहरी विकास**

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या सरकार द्वारा शालीमार बाग विधान सभा में आवारा कुत्तों की समस्या के रोकथाम की कोई योजना बनायी गयी है;

ख) यदि हाँ, तो अब तक सड़कों से निगम द्वारा कितने कुत्तों को उठवाया गया है;

ग) अब तक गायों की वजह से कितनी सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं एवं कितनी गायों को सड़कों से उठवाया गया है;

घ) सरकार की गायों के मुद्दे को लेकर क्या योजना है;

ड.) क्या इन गायों की सुरक्षा और देखभाल के लिये नगर निगम द्वारा गौशाला बनाने की भी कोई योजना है;

च) उपरोक्त विषयों को लेकर अब तक कितने अधिकारियों पर और क्या–क्या कार्यवाही की गयी है; और



छ) क्या ऐसी कोई योजना है जिससे अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके?

**21. श्रीमती बंदना कुमारी** **शहरी विकास**

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली नगर निगम को दिल्ली सरकार द्वारा जारी एमएलए फंड के कार्य सालों साल तक लंबित पड़े रहने के विषय को लेकर निगम की तरफ से पिछले एक वर्ष में कितने अधिकारियों पर और क्या कार्यवाही की गयी है;

ख) उपरोक्त विषय पर क्या कोई योजना बनायी गयी है जिससे ये कार्य अपनी तय सीमा में पूरे किये जा सकें;

ग) क्या ऐसी कोई योजना है जिससे दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके और उन पर कार्यवाही की जा सके ताकि जनहित के कार्य बहुत अधिक समय तक लंबित न हों;

घ) शहरी विकास विभाग, फंड जारी होने के बाद क्या किसी भी तरह की कोई निगरानी रखता है जिससे उन्हें कार्य के पूरा होने या उसकी स्थिति के बारे में पूरी जानकारी रहे;

ड.) दिल्ली को एक स्वच्छ सुंदर शहर बनाने के उदेश्य से क्या कोई ऐसी योजना है जिससे अधिक नियुक्तियां की जा सकें ताकि निगम के कार्यों को ठीक तरीके से किया जा सके; और

च) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

22. श्री भूपिंदर सिंह जून डीयूएसआईबी

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सोनिया गांधी कैंप, नेहरू कैंप, अर्जुन कैंप, मस्जिद कैंप, दलित एकता कैंप, इंदर कैंप व रुचि विहार जेजे क्लस्टर्स में विकास कार्य आरंभ किए जाने की कोई योजना है, जो 'फॉरेस्ट एरिया' के अंतर्गत नहीं आते हैं;

ख) यदि हाँ, तो डीयूएसआईबी द्वारा इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है;

ग) क्या डीयूएसआईबी द्वारा उक्त जेजे कैंपों में ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं या लगाने प्रस्तावित हैं;

घ) क्या इन केंद्रों में सामुदायिक केंद्र/बस्ती विकास केंद्र या कोई अन्य मनोरंजन केंद्र बनाए जाने का कोई प्रस्ताव है; और

ङ) पिछले एक वर्ष में उपर्युक्त कैंपों के लिए कितनी राशि का आवंटन किया गया है व डीयूएसआईबी द्वारा कितनी राशि खर्च की गई है?

23. श्री जनरैल सिंह डीयूएसआईबी

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या विभाग द्वारा पार्किंग व शादी के शामियाने के लिए जगह ठेके पर दी जाती है;



ख) यदि हाँ, तो इन सभी साइट्स का नाम, स्थान, अलॉटमेंट का स्टेटस एवं ठेका किसको दिया गया व साइट पर कितना राजस्व आता है, विस्तृत विवरण दिया जाए;

ग) वर्ष 2015 से लेकर अब तक किस साइट से प्रतिमाह के हिसाब से कितना किराया आना चाहिए था व अभी तक कितना आया व वह साइट कितने महीने से खाली रही, इसका भी विस्तृत विवरण दिया जाए;

घ) क्या यह सत्य है कि कई पार्किंग की साइट्स व शादी के शामियाने काफी समय तक खाली पड़े रहे जिनकी वजह से विभाग को राजस्व का नुकसान हुआ;

ङ) यदि हाँ, तो वर्तमान में कुल कितनी जगह से किराया आ रहा है व कितनी जगह से किराया नहीं आ रहा है, विस्तृत विवरण दें;

च) टेंडर ना होने व साइट के खाली पड़े रहने का प्रति साइट के हिसाब से कारण बताएं व इसके लिए जिम्मेवार अधिकारी का विवरण दें; और

छ) दिल्ली में कुल कितने सामुदायिक भवन व कितने बस्ती विकास केंद्र हैं, इनमें से कितने आवंटित हैं व कितने खाली पड़े हैं इसका भी विस्तृत विवरण दें?

24. श्री अनिल कुमार बाजपेयी डीयूएसआईबी

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गांधी नगर विधानसभा में डीयूएसआईबी द्वारा वर्ष 2015 से 2020 तक और वर्ष 2020 से 1 अप्रैल से लेकर 31 अक्टूबर 2023 तक कितने कार्य कराये गये हैं; और

ख) जो कार्य कराये गये हैं, उनकी टेंडर राशि कितनी थी, वर्क आर्डर कितने का हुआ और कितने कार्य होने अभी बाकी हैं सारी जानकारी दस्तावेजों सहित उपलब्ध कराई जाये?

25. श्री अभय वर्मा डीयूएसआईबी

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा–58 के अंतर्गत दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की एसडीएम झुग्गी किशन कुंज एवं सब्जी मण्डी मंडावली के विकास कार्य की क्या–क्या योजना सरकार के पास लंबित है, लंबित कार्यों की सूची उपलब्ध करायें;

ख) अगर कोई योजना लंबित है तो उस पर खर्च होने वाले बजट आवंटित हुए हैं या नहीं, अगर नहीं हुए हैं तो क्यों नहीं हुए हैं और क्या कारण हैं;

ग) वर्ष 2020, 2021, 2022 एवं 2023 में लक्ष्मी नगर विधानसभा–58, त्रिलोकपुरी विधानसभा–55, कोण्डली विधानसभा–56 और पटपड़गंज विधानसभा–57 पर कितना–कितना बजट आवंटित हुआ है और किन–किन



कार्यों के लिए बजट आवंटित किया गया है, विस्तार से जानकारी दी जाए;

घ) लक्ष्मी नगर विधान सभा–58 को बजट न देने का कारण क्या है, विस्तार से बताया जाए;

ङ) सब्जी मण्डी मंडावली में रेलवे स्टेशन के सामने मुख्य सड़क पर 15 झुग्गी बसावट और सोनिया कैम्प झुग्गी को हटाने की क्या कोई योजना है;

च) अगर हाँ, तो यह योजना कब तक लागू की जाएगी; और

छ) यदि नहीं, तो योजना न बनाए जाने के क्या कारण हैं?

26. श्री दुर्गेश पाठक डीयूएसआईबी

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली के विभिन्न जे.जे. क्लस्टर्स में अस्थाई जन–सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि वर्ष 2017 के बाद से इनके लिए 'टॉयलेट क्युबिकल्स' को नहीं खरीदा गया है, जिसके कारण उनकी स्थिति बहुत खराब हो गई है; और

ग) जन सुविधा केंद्रों की इन क्षतिग्रस्त इकाइयों को ठीक करने के लिए डीयूएसआईबी, टॉयलेट क्यूबिकल्स कब तक खरीदेगा?

27. श्री जितेन्द्र महाजन डीयूएसआईबी

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले 3 वर्ष में दिल्ली आश्रय सुधार बोर्ड के अन्तर्गत आने वाली भूमि से कितनी आय प्राप्त हो रही है अर्थात शादी समारोह आयोजित करवाने अथवा पार्किंग से संबंधित भूमि द्वारा किराये के माध्यम से वर्तमान में कितने राजस्व की प्राप्ति हो रही है तथा कितनी भूमि किराये पर दी गयी है, पिछले 3 वर्ष की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

ख) रोहतास नगर विधान सभा में डयूसिब द्वारा किराये पर दी गयी पार्किंग तथा विवाह स्थल के लिये उपलब्ध कराई गयी संपति का विवरण उपलब्ध करवाया जाये तथा पिछले 3 वर्ष में ठेकेदार से वसूल की गयी राशि का विवरण दिया जाये;

ग) रोहतास नगर विधान सभा में डयूसिब द्वारा पिछले 3 वर्षों में पुनर्वास बस्तियों में कितने टॉयलेट ब्लाक उपलब्ध करवाये गये हैं अथवा नये टॉयलेट बनाये गये हैं और इन टॉयलेट ब्लाक एवं टॉयलेट का संचालन करने वाले एनजीओ तथा संस्था की सूची उपलब्ध करवाई जाये;

घ) डयूसिब द्वारा बनाये गये रैन बसेरों में रह रहे लोगों की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिये क्या डाक्टरों की व्यवस्था की गयी है यदि हाँ, तो कहां–कहां डाक्टरों की टीम देखरेख करती है, जानकारी प्रदान कराई जाये; और



ड.) जहां झुग्गी वहीं मकान के संदर्भ में डूसिब द्वारा अभी तक क्या प्रक्रिया अपनाई गयी है और कितने मकान बना दिये गये हैं तथा कितने लोगों को आवंटित कर दिये गये हैं, पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाये?

28. श्री विजेन्द्र गुप्ता डीयूएसआईबी

क्या माननीय **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2014 से अब तक कितने झुग्गीवासियों का पुनर्वास किया गया, कितने कोर्ट के आदेशानुसार और कितने योजना अनुसार;

ख) ऐसे कितने झुग्गी कैंप व झुग्गीवासी हैं, जिनमें रहने वाले झुग्गीवासियों को पुनर्वास के बदले उनसे देय राशि प्राप्त कर ली गई है, झुग्गी कैंप और झुग्गीवासियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

ग) क्या कारण है कि देय राशि जमा कराने के पश्चात् भी उपरोक्त झुग्गीवासियों को अभी तक पुनर्वास नहीं दिया गया;

घ) सरकार की पुनर्वास की क्या योजना है, झुग्गीवासियों को घर देने के लिये अभी तक क्या कार्यवाही हुई है, विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध कराये; और

ङ) सरकार के पास पुनर्वास योजना के अंतर्गत तैयार फ्लैटों की कुल संख्या उपलब्ध कराई जाए, क्या कारण है कि

फ्लैट्स तैयार होने के बावजूद झुग्गीवासियों को आवंटित नहीं किये गये?

29. श्री ऋतुराज गोविन्द शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या सरकार की किराड़ी विधान सभा में नये स्कूल बनाने की कोई योजना है;

ख) यदि हाँ, तो इसे कब तक कार्यान्वित कर दिया जायेगा; और

ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, इसकी पूर्ण जानकारी दें?

30. श्री मोहन सिंह बिष्ट शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली सरकार द्वारा संचालित कुल कितने स्कूल कार्यरत हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र में विद्यालय के अनुपात में बच्चों की संख्या अधिक होने के कारण विद्यार्थियों को सप्ताह में शिफ्ट अनुसार स्कूल में आने के लिये बाध्य होना पड़ रहा है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के बहुत से स्कूल हैं जहां भवन निर्माण के लिये खाली जमीन



पड़ी हुई है और वहां बच्चों के पढ़ने के लिये भवन बनाये जा सकते हैं;

घ) भवन निर्माण के लिये खाली जमीन पड़ी होने के बावजूद वहां पर विद्यालय भवन न बनाये जाने के क्या कारण हैं; और

ड.) इन खाली जमीन पर कब तक नये विद्यालय भवन बनाकर तैयार कर दिये जायेंगे?

31. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के सरकारी स्कूलों में वर्ष 2022–23 के दौरान नौवीं कक्षा और ग्यारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत क्या है;

ख) ग्रामीण क्षेत्रों और यमुनापार के स्कूलों में इन दोनों कक्षाओं में उत्तीर्ण प्रतिशत क्या रहा;

ग) पिछले नौ वर्षो में पूरी दिल्ली में इन दोनों कक्षाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत क्या रहा; और

घ) पिछले नौ वर्षो के दौरान इन कक्षाओं में फेल, कितने प्रतिशत विद्यार्थियों को दोबारा प्रवेश मिल सका?

32. श्री दुर्गेश पाठक शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि शहर की घनी बस्ती के कारण खुले इलाकों और खेल के मैदानों की बहुत कमी है;

ख) क्या इस कमी को दूर करने के लिए यह संभव है कि निकटस्थ आबादी को विद्यालयों के मैदानों में स्कूल समय के पश्चात् जाने की अनुमति दी जा सके;

ग) यदि हाँ, तो इन विद्यालयों के इन मैदानों की सुरक्षा को किस प्रकार सुनिश्चित किया जाएगा?

33. श्री ओम प्रकाश शर्मा शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के गठन के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए, विधान सभावार व स्कूलवार जानकारी दें;

ख) स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के गठन के लिए प्राप्त आवेदन पर अब तक क्या कार्रवाही हुई;

ग) स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के गठन के लिए प्राप्त आवेदन को निरस्त करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई;

घ) दिल्ली सरकार के कितने स्कूलों में प्रत्येक अनुभाग में 40 से अधिक छात्र हैं;

ङ) दिल्ली सरकार के स्कूलों में प्रति बच्चा निर्मित क्षेत्र कितना है;

च) कृपया दिल्ली सरकार के उन स्कूलों की सूची प्रदान करें जिनमें प्रत्येक अनुभाग में 40 से अधिक छात्र हैं;



छ) दिल्ली सरकार द्वारा सीबीएसई के कानून 2018 द्वारा सम्बद्धता का पालन करने की भविष्य की योजना क्या है;

ज) वर्ष 2013 से आज तक डीओई स्कूलों में नामांकित छात्रों की संख्या, वर्ष 2013 से आज तक डीओई सहायता प्राप्त स्कूलों में नामांकित छात्रों की संख्या, वर्ष 2013 से आज तक डीओई गैर सहायता प्राप्त स्कूलों में नामांकित छात्रों की संख्या; और

झ) कृपया उपरोक्त सभी प्रकार के स्कूल के नामांकन में गिरावट/वृद्धि का कारण बताएं?

34. श्री अजय महावर शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि घोंडा विधान सभा में जनकल्याण स्कूल भजनपुरा (RDJK(G) Co-Ed Sr. Sec. School/(RDJK Boys Sr. Sec. School में कक्षा 6 से 10 तक के बच्चे आज भी पोर्टा केबिन में पढ़ रहे हैं;

ख) यदि हाँ, तो कब तक स्कूलों में पोर्टा केबिन खत्म करके पक्के कमरे बना दिये जायेंगे;

ग) कितने मान्यता प्राप्त एनजीओ शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवायें प्रदान करने के लिये शिक्षा विभाग से संबंधित हैं, इसकी सूची प्रदान करें और इसे प्रकाशित करें;

घ) दिल्ली सरकार द्वारा इन एनजीओ को 2015 से अब तक कितना फंड दिया गया है, इन एनजीओ ने इस फंड का इस्तेमाल किन–किन कार्यों में सही प्रकार से पूर्ण किया, इसकी जानकारी प्रदान करें; और

ड.) दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कितने प्रिंसिपल, कितने वाइस प्रिंसिपल और कितने शिक्षकों की कमी है उसकी पूर्ण जानकारी दी जाये साथ ही उन नियुक्तियों को भरने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है?

**35. श्री महेन्द्र गोयल** **शिक्षा**

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को बंद करके एसओएसई शुरू किया गया है;

ख) यदि हाँ, तो जिन विद्यार्थियों का एसओई में दाखिला हुआ उनका एसओएसई में स्थानांतरण किस प्रकार से होगा;

ग) क्या एसओई के विद्यार्थियों को एसओएसई के कक्षा–9 में अपनी पसंद की स्ट्रीम लेने के लिये टेस्ट देने की आवश्यकता होगी; और

घ) क्या एसओई के विद्यार्थियों को एसओएसई स्थानांतरण के लिये प्राथमिकता मिलेगी?



**36. श्री जितेन्द्र महाजन** **शिक्षा**

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) EWS आरक्षण किस कक्षा तक लागू होता है;

ख) सरकार द्वारा अथवा विद्यालय द्वारा EWS आरक्षण में प्रवेश देने के पश्चात विद्यार्थी को बीच में इस आरक्षण से वंचित किया जा सकता है अथवा नहीं;

ग) अगर वंचित किया जा सकता है तो किन नियमों के तहत वंचित किया जा सकता है जानकारी उपलब्ध करवाई जाये;

घ) EWS आरक्षण में छात्रों को क्या–क्या सुविधायें उपलब्ध करवाई जाती है, जानकारी उपलब्ध करवाई जाये। ईडब्ल्यूएस कोटे के छात्रों को सरकार द्वारा तय सुविधा नहीं उपलब्ध करवाने पर स्कूलों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है;

ङ) प्राइवेट स्कूलों का अभी तक किस वर्ष तक का EWS राशि का भुगतान किया गया है तथा कितना रुपया लंबित है;

च) पिछले वर्ष 2021–22 तथा 2022–23 में कितने बच्चों ने EWS आरक्षण के तहत प्रवेश के लिये अप्लाई किया था तथा कितने विद्यार्थियों को प्रवेश मिला था कुल उपलब्ध EWS सीटों का कितना प्रतिशत भरा गया है;

छ) सत्र 2019–20, 2020–21, 2021–22 व 2022–23 में कितने बच्चों ने EWS Category के अंतर्गत प्राइवेट स्कूल में दाखिले हेतु आवेदन किया, जो छात्र एडमिशन से वंचित रह जाते हैं उनकी शिक्षा की सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की जाती है;

ज) सत्र 2019–20, 2020–21, 2021–22 व 2022–23 में कितनी सीट EWS श्रेणी के बच्चों की सीटें खाली रह गई थीं उनको भरने के लिये दिल्ली सरकार ने क्या प्रयास किया; और

झ) दिल्ली सरकार द्वारा पिछले वर्ष NEET एवं JEE आदि में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया था, कुल कितने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और उनके द्वारा प्राप्त अंक तथा कितने विद्यार्थी दिल्ली सरकार के विद्यालयों से इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे और कितने विद्यार्थी प्राइवेट विद्यालयों से इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे, कृपया पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाये?

**37. श्री सुरेन्द्र कुमार** — शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या गोकलपुर विधानसभा क्षेत्र में स्कूल की पुरानी डैमेज बिल्डिंग का नवीनीकरण करने की सरकार की कोई योजना है;



ख) यदि हाँ, तो किन–किन स्कूलों में नवीनीकरण कराने की योजना है, उनका पूर्ण विवरण दें; और

ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**38. श्री सुरेन्द्र कुमार** — शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या गोकलपुर विधान सभा क्षेत्र हर्ष विहार व मदन लाल हलवाई जौहरीपुर में नये स्कूल बनाने की कोई योजना है;

ख) यदि हाँ, तो कब तक; और

ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**39. श्री विजेन्द्र गुप्ता** — शिक्षा

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) शिक्षा निदेशालय में प्राथमिकता–1 के तहत कितने कमरे और कुल कितनी लागत स्वीकृत की गई थी। प्राथमिकता–1 के तहत प्रति वर्ग मीटर व प्रति कमरा निर्माण की लागत क्या है;

ख) शिक्षा विभाग द्वारा एए और ईएस क्या और किन शर्तो के साथ दिये गए थे, प्राथमिकता–1 के तहत कार्य पूरा होने का समय क्या था;

ग) शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिकता–2 के तहत कितने कमरे और कुल कितनी लागत पर स्वीकृत किए गए थे;

घ) प्राथमिकता–2 के तहत प्रति वर्ग मीटर व प्रति कमरा निर्माण की लागत क्या है; और

ड.) प्राथमिकता–2 के तहत लागत अनुमानों में प्राथमिकता–1 के तहत किये गए काम के अतिरिक्त कौन से घटक शामिल है, नए घटकों और उन पर व्यय की जानकारी दें?

**40. श्री शिव चरण गोयल** **शिक्षा**

क्या माननीय **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मोती नगर विधान सभा में दिल्ली सरकार के कितने स्कूल हैं;

ख) दिल्ली सरकार के इन स्कूलों में प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, स्थायी अध्यापक, अस्थायी अध्यापक, स्कूल का स्टाफ उसका स्कूल वाइज ब्यौरा दस्तावेजों के साथ दे;

ग) दिल्ली सरकार के स्कूलों में पेड़ घने होते जा रहे हैं इनकी कटाई–छटाई का काम किस एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है; और

घ) पिछली बार स्कूल में कब कटाई–छटाई की गई थी, उसका ब्यौरा दें?

**41. श्री भूपिंदर सिंह जून** **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री** बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग



विकास कार्यों को क्रियान्वित करने से पहले हर मामले में भू–स्वामी संस्थान से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेता है;

ख) सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा पिछले एक वर्ष में कितने ठेकेदारों को काम पूरा न करने के कारण 'ब्लैक लिस्ट' किया गया है;

ग) क्या सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के कापसहेड़ा–बिजवासन नाले पर 'साइड कवर्स' डालने या बाहरी अवरोध लगाने का कोई प्रस्ताव है, ताकि इस नाले से निकलने वाली, निवासियों के स्वास्थ्य के लिए घातक विषैली गैसों और दुर्गंध को रोका जा सके;

घ) एक वित्तीय वर्ष के दौरान इस नाले की 'डी–सिल्टिंग' कितने बार की जाती है; और

ङ) कापसहेड़ा–बिजवासन नाले की डीसिल्टिंग अंतिम बार कब की गई थी?

**42. श्री ऋतुराज गोविन्द** **सिंचाईं एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय **सिंचाईं एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या सरकार की किराड़ी विधान सभा में दिल्ली भटिंडा रेलवे लाइन के साथ बड़ा नाला बनाने की कोई योजना है;

ख) यदि हाँ, तो कब तक, पूर्ण विवरण दें;

ग) किराड़ी विधान सभा में सभी मुख्य सड़कों पर चल रहे ड्रेनेज सिस्टम (प्री–कास्ट नाला) को कब तक पूरा कर लिया जायेगा, पूर्ण विवरण दें;

घ) क्या किराड़ी विधान सभा में केएसएन ड्रेन रि–मॉडलिंग की सरकार की कोई योजना है; और

ड.) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें?

**43. श्री मोहन सिंह बिष्ट सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत गंदे पानी की निकासी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के नालों के माध्यम से की जाती है;

ख) यदि हाँ, तो क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले रिलीफ ड्रेन, बंध ड्रेन, बिहारीपुर ड्रेन तथा स्केप ड्रेन की सफाई न होने के कारण पूरे क्षेत्र में गंदा पानी बहता रहता है;

ग) यदि हाँ, तो अब तक इन नालों की सफाई न कराये जाने के क्या कारण है;

घ) क्या यह भी सत्य है कि इन नालों को और अधिक चौड़ा करने के लिये राजस्व विभाग को पैसा दिया गया था फिर भी इसे चौड़ा नहीं किया गया; और

ड.) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं?



**44. श्री संजीव झा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय **सिंचाई एव बाढ़ नियंत्रण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि बुराड़ी पुस्ते पर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण के द्वारा लगाई गई पोल लाइट्स पिछले 1 साल से बंद हैं;

ख) यदि हाँ, तो विभाग के द्वारा इसे ठीक करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, उसका संक्षिप्त विवरण दीजिए;

ग) यदि इस पुस्ते की पोल लाइट की मेंटेनेंस का टेंडर किसी एजेंसी को दिया गया है तो उसकी वर्क आर्डर सहित पूर्ण विवरण दें;

घ) यदि मेंटेनेंस का टेंडर नहीं दिया गया है तो उसका क्या कारण है; और

ङ) ये टेंडर कब तक जारी कर दिये जायेंगे?

**45. श्री अनिल कुमार बाजपेयी सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय **सिंचाई एव बाढ़ नियंत्रण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गांधी नगर विधान सभा में बाढ़ एवं सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 2015 से 31 अक्टूबर, 2023 तक कितने काम विधायक निधि से कराये गए हैं, उनकी अनुमानित लागत कितनी आयी और कितने वर्क ऑर्डर हुए और कितने नये

कार्य अभी तक पेंडिंग हैं, पूर्ण जानकारी दस्तावेजों के साथ उपलब्ध करायी जाए; और

ख) बाढ़ एवं सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 2015 से लेकर 31 अक्टूबर, 2023 तक कितने कार्य विधानसभा में कराये गये, उनकी टेंडर राशि क्या थी, वर्क ऑर्डर कितने का हुआ और कौन से कार्य विभाग द्वारा किये गये हैं और कौन–कौन से कार्य बाकी हैं उसकी सारी जानकारी दस्तावेजों सहित उपलब्ध करायी जाए?

**46. श्री अब्दुल रहमान सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या टीबीआर के रूल न0 17 के अनुसार संबंधित मंत्री को साप्ताहिक रिपोर्ट भेजी जा रही है;

ख) दिनांक 01.01.2023 से अब तक कितनी रिपोर्ट भेजी गई है और किस–किस तिथि पर भेजी गई है, इसका विवरण दें;

ग) 50 करोड रूपये से कम के कार्यों की जानकारी क्या सम्बन्धित मंत्री के संज्ञान में लाई जाती है;

घ) यदि हाँ, तो कौन–कौन से कार्यों की जानकारी उनके संज्ञान में लाई गई है, उन सभी फाइलों की प्रति उपलब्ध कराई जाए;

ङ) आईटीओ बैराज पर 5 गेट जाम है यह जानकारी विभाग के पास कब उपलब्ध हुई;



च) यह जानकारी सम्बन्धित मंत्री को कब और कैसे दी गई, इसका विवरण दें;

छ) यह जानकारी सम्बन्धित मंत्री से क्यों छिपाई गई, इसका विवरण दें; और

ज) यमुना नदी की गाद निकालना किस विभाग की जिम्मेदारी है, उसका पूर्ण विवरण दें?

**47. श्री महेन्द्र गोयल सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में विकास निर्माण कार्य हेतु आरएमसी उपलब्ध करवाने हेतु सिर्फ दो कंपनियों को ही अधिकृत किया गया है;

ख) यदि हाँ, तो अन्य कंपनियों से इन कंपनियों के मापदंड में क्या भिन्नता है, कृपया विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाये;

ग) क्या इन दो कंपनियों द्वारा पर्याप्त मात्रा में आरएमसी उपलब्ध न करवा पाने की स्थिति में कोई वैकल्पिक योजना भी बनाई गयी है; और

घ) यदि हाँ, तो पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाये?

48. सुश्री भावना गौड़ सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण

क्या माननीय **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पालम विधान सभा के वार्ड महावीर एनक्लेव में बाढ़ नियंत्रण विभाग का एक नाला है;

ख) यदि हाँ, तो क्या बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा इस नाले पर कुछ पुलिया बनाने के एस्टीमेट बनाये गये थे;

ग) यदि हाँ, तो ये एस्टीमेट कब तथा किस वर्ष में बनाये गये हैं;

घ) इस काम में अगर देरी हुई है तो देरी का कारण बतायें; और

ङ) इस कार्य की वर्तमान स्थिति का व्यौरा उपलब्ध करवाएं?

49. श्री जरनैल सिंह खाद्य एवं आपूर्ति

क्या माननीय **खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में कुल कितने राशन कार्ड बनाने की सीमा है, पूर्ण विवरण दें;

ख) दिल्ली में प्रति विधानसभा कितने व किस प्रकार के राशन कार्ड हैं आंकड़ों व कारण सहित विवरण दें;

ग) प्रति विधानसभा FPS कार्ड होल्डर व उनके अंतगर्त आने वाले अलग–अलग तरीके के राशन कार्ड की भी जानकारी दी जाये;



घ) नये राशनकार्ड बनाने के कुल कितने आवेदन पैंडिंग पड़े हैं विधानसभावार पूर्ण विवरण दें; और

ङ) नये नाम जोड़ने व काटने के कुल कितने आवेदन पैंडिंग हैं विधानसभावार पूर्ण विवरण दें?

50. श्री मोहन सिंह बिष्ट खाद्य एवं आपूर्ति

क्या माननीय **खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पिछले कई वर्षों से खाद्य एवं संभरण विभाग द्वारा राशन कार्ड में लोगों के नाम नहीं जोड़े जा रहे हैं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि राशन कार्ड धारकों के यूनिट जान–बूझकर घटा दिये गये हैं;

ग) यदि हाँ, तो उनके यूनिट कब तक फिर से जोड़े जायेंगे; और

घ) ''वन नेशन वन राशन'' के आधार पर बने राशन कार्ड से राशन नहीं दिये जाने के क्या कारण हैं?

51. श्री राजेश ऋषि खाद्य एवं आपूर्ति

क्या माननीय **खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) जनकपुरी विधान सभा में वर्ष 2018 से 2023 (30 नवम्बर) तक बनाए गये नए राशन कार्डों की वर्षवार एवं पूर्ण कैटेगरी के साथ विवरण दें;

ख) जनकपुरी विधान सभा में राशन कार्ड धारकों का कैटेगरी अनुसार पूर्ण विवरण एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा, जनकपुरी विधान सभा में राशन कार्ड में बढ़ाये गये यूनिटों की संख्या कार्ड की पूरी जानकारी दें; और

ग) जनकपुरी विधान सभा में राशन की दुकानों की संख्या और बंद की गयी राशन की दुकानों की संख्या का पूर्ण विवरण दें तथा आगे इन दुकानों को दोबारा खोलने की क्या योजना है?

52. श्री विजेन्द्र गुप्ता खाद्य एवं आपूर्ति

क्या माननीय **खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा दिल्ली में कुल कितने लोगों को प्रतिमाह राशन दिया जा रहा है;

ख) जब से राशन वितरण प्रणाली में One Nation-One Ration Card के अंतर्गत बायोमेट्रिक प्रणाली से कुल कितने प्रवासी राशन कार्ड धारकों को दिल्ली में राशन वितरित किया गया, पिछले 2 वर्षों का वर्षवार ब्यौरा दिया जाये;

ग) दिल्ली में कुल कितनी उचित मूल्यों की दुकानें (Fair Price Shops) हैं, और राशन डीलरों को कमीशन वितरण किस प्रकार से और कितना कमीशन दिया जाता है, विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायें;

घ) राशन की ढुलाई हेतु कुल कितना खर्च यातायात पर किया जाता है, इसका ब्यौरा दें;



ङ) दिल्ली में कुल कितना यातायात खर्च किया जाता है इसका ब्यौरा दें; और

च) दिल्ली में कुल कितने राशन–कार्ड धारक हैं, राशन कार्ड धारकों के कुल कितने रिक्त स्थान उपलब्ध हैं, ये रिक्त स्थान कब से खाली हैं, क्या इनको भरने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है?

53. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी रोजगार

क्या माननीय **रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पिछले नौ सालों से दिल्ली में दिल्ली सरकार द्वारा कितने रोजगार मेले आयोजित किये गये हैं;

ख) इन रोजगार मेलों पर सरकार ने कितनी धनराशि खर्च की है; और

ग) इन रोजगार मेलों में कितने लोगों को रोजगार मिला है, सभी के नाम, पते और मोबाईल नंबर सहित पूर्ण विवरण दें?

54. श्री ओम प्रकाश शर्मा रोजगार

क्या माननीय **रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार ने वर्ष 2022–23 व 2023–24 में अब तक कितने रोजगार पैदा किये तथा निजी क्षेत्रों में कितने रोजगार पैदा हुए; और

ख) इन रोजगार को पैदा करने में कितनी राशि का खर्च हुआ, कितनी राशि रोजगार से जुडे विज्ञापन मद में खर्च हुई, विस्तृत जानकारी मुहैया कराये?

55. श्री अजय महावर — रोजगार

क्या माननीय **रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार ने किस–किस क्षेत्र में कितने लोगों को रोजगार दिया गया है और कितने रोजगार पैदा किये गये हैं, इसकी पूर्ण जानकारी दें;

ख) वर्ष 2020 से अब तक कितने लोगों द्वारा दिल्ली सरकार के रोजगार पोर्टल पर आवेदन किया गया और कितने लोगों को रोजगार विभाग के माध्यम से रोजगार प्रदान किया गया और किन–किन विभागों में किया गया, सूचीवार ब्यौरा प्रदान करें; और

ग) भविष्य में बेरोजगारों के लिए रोजगार प्रदान किये जाने हेतु किन–किन योजनाओं को दिल्ली सरकार रोजगार विभाग द्वारा बनाया जा रहा है और उससे कितने लोगों को रोजगार प्रदान किये जायेंगे?

56. श्री जरनैल सिंह — कला, संस्कृति एवं भाषा

क्या माननीय **कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के अंतर्गत कुल कितनी भाषा अकादमी आती हैं;



ख) वर्ष 2015–16 से लेकर अब तक भाषा, कला व संस्कृति विभाग से संबंधित विभिन्न अकादमियों द्वारा करवाए गए कार्यक्रमों व योजनाओं की जानकारी दी जाए; और

ग) विभाग द्वारा भाषा, कला व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए क्या नई योजनांए लाई जा रही हैं, पूर्ण विवरण दें?

57. श्री जितेन्द्र महाजन — कला संस्कृति एवं भाषा

क्या माननीय **कला संस्कृति एवं भाषा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) स्ट्रीट फैलोशिप से संबंधित योजना की विज्ञापन की प्रतिलिपि उपलब्ध करवाई जाए;

ख) सभी भाषा अकादमी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसएिशन से ज्ञात है कि इन सभी के चेयरमैन माननीय मुख्यमंत्री होते हैं लेकिन अभी माननीय कला एवं संस्कृति मंत्री को कला एवं संस्कृति विभाग का चेयरमैन बनाया गया है इस संदर्भ में जारी अधिसूचना और माननीय राज्यपाल महोदय की स्वीकृति की कॉपी उपलब्ध कराई जाये;

ग) सभी अकादमियों में माननीय मुख्यमंत्री या अन्य मंत्री या अन्य किसी की स्वीकृति से कितने लोगों को नौकरी पर लगाया गया है इनकी पूर्ण जानकारी भी प्रदान करें और बिना विज्ञापन निकाले कितने लोगों को लगाया गया है

इसकी जानकारी भी प्रदान करें और इनको कितना वेतन या सुविधायें दी जा रही हैं इसकी जानकारी प्रदान करें;

घ) वर्तमान में इन अकादमियों में कितने लोग अनुबंध पर कार्य कर रहे हैं और कब से तथा उनको वर्तमान में कितनी राशि वेतन के रूप में प्रदान की जा रही है और अन्य क्या सुविधायें दी जा रही हैं ब्यौरा दें;

ङ) कला संस्कृति के अंतर्गत तथा दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी स्वायत्त संस्थान में अध्यक्ष तथा वाइस चेयरमैन उपाध्यक्ष की क्या पावर होती है;

च) उनके द्वारा सभी खर्चों तथा नियुक्तियों के संदर्भ में कोई दिशा निर्देश जारी किये गये हैं यदि हाँ, तो कृपया कॉपी उपलब्ध कराये और इलेक्शन के दौरान उनकी पावर व उनकी नियुक्तियों के संदर्भ में जो दिशा–निर्देश जारी किये जाते हैं उसके बारे में भी जानकारी देने की कृपा करें; और

छ) निर्वाचन के दौरान इन सभी स्वायत्त संस्थाओं के अध्यक्ष तथा वाइस चेयरमैन कौन होते हैं इसकी भी जानकारी उपलब्ध करें ?

**58. श्रीमती बन्दना कुमारी कला एवं संस्कृति एवं भाषा**

क्या माननीय **कला एवं संस्कृति एवं भाषा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में पूर्वांचल निवासियों की संख्या बहुत अधिक होने के बाद भी मैथिली भोजपुरी अकादमी को सभी अकादमियों की तुलना में कम वार्षिक फंड का आवंटन किये जाने के क्या कारण है;

ख) ये फंड आवंटन किस आधार पर किया गया तथा इस फंड आवंटन के लिए क्या किसी कमेटी द्वारा अनुशंसा की गई है;

ग) दिल्ली में पूर्वांचलियों की बहुत अधिक जनसंख्या को देखते हुए क्या इस फंड को अगले वित वर्ष के बजट में बढ़ाने की कोई योजना है; और

घ) क्या सरकार का कला और संस्कृति कार्यक्रम के आयोजन के लिए हर विधान सभा को अलग फंड के आवंटन की योजना को दोबारा शुरू करने का कोई प्रस्ताव है?

**59. श्री मोहन सिंह बिष्ट विकास**

क्या माननीय **विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने गांव हैं और इन गांवों के विकास के लिये वित्त वर्ष 2023 में कुल कितना बजट आबंटित किया गया है;

ख) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चक्ररोड़, शेरपुर मोड़ से लेकर दिल्ली पुलिस तक की हालत अत्यंत खराब है;

ग) यदि हाँ, तो इस सड़क की मरम्मत के लिये वर्ष 2020–21 में फंड मांगने के बावजूद अभी तक नहीं दिये जाने के क्या कारण हैं; और

घ) इस सड़क की मरम्मत के लिये कब तक बजट उपलब्ध करा दिया जायेगा ?

60. श्री दुर्गेश पाठक — विकास

क्या माननीय **विकास मंत्री** बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि वर्तमान में, यदि अनुमान डीएसआर 2016 संगत हैं, तभी निधियों की स्वीकृति ग्रामीण विकास / दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड निधि द्वारा ही दी जाती है,

ख) क्या यह भी सत्य है कि इसके कारण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनेक कठिनाइयाँ आती हैं, क्योंकि मौजूदा दरें डीएसआर 2016 में निर्दिष्ट दरों की अपेक्षा बहुत अधिक हैं; और

ग) यदि हाँ, तो कार्य के बेहतर कार्यान्वयन हेतु अद्यतन डीएसआर को अपनाए जाने पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है?

61 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — विकास

क्या माननीय **विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मॉडल टाउन विधानसभा में ग्रामीण बोर्ड द्वारा पिछले 5 सालों में कितने कार्य आवंटित हुए? कितने कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, कितने अभी बाकी हैं और कितने कार्य अभी निर्माणाधीन हैं;

ख) मॉडल टाउन विधानसभा में ग्रामीण बोर्ड द्वारा कितने नए कार्य के एस्टीमेट प्राप्त हुए है और ये जो नए प्रस्तावित कार्य आपको प्राप्त हुए हैं, इनका कब तक आवंटन कर दिया जाएगा और कब तक इनको पूर्ण कर लिया जाएगा, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं; और

ग) मॉडल टाउन विधानसभा में ग्रामीण बोर्ड के माध्यम से कौन–कौन से कार्यों के एस्टीमेट हम दे सकते हैं, पूर्ण सूची देने का कष्ट करें?

62. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी — आबकारी

क्या माननीय **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में नई आबकारी नीति कब से कब तक लागू रही है;

ख) उस आबकारी नीति से सरकार को कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ;

ग) दिल्ली में पुरानी शराब नीति को दोबारा से कब लागू किया गया और तब से अब तक सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ; और

घ) दिल्ली में वर्तमान में शराब के कुल कितने ठेके हैं, विवरण दें?

63. श्री अभय वर्मा आबकारी

क्या माननीय **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि नई आबकारी नीति लागू रहने के दौरान 22.28 करोड़ लीटर शराब बेची गयी जिससे सरकार को 5576.47 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई;

ख) यदि हाँ, तो इस दौरान इतनी अधिक शराब बिकने के क्या कारण है;

ग) 17 नवम्बर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक कितने करोड़ लीटर शराब बेची गईं, अगर अधिक बेची गईं तो क्यों, अगर कम बेची गईं तो क्यों, विस्तार से जानकारी दें;

घ) नयी आबकारी नीति से वर्तमान आबकारी नीति में कम शराब बेचकर सरकार को अधिक मुनाफा प्राप्त होने के क्या कारण हैं और नयी आबकारी नीति में कौन–कौन सी खामियाँ थीं जिस कारण सरकार ने नयी नीति अचानक वापिस ले ली, विस्तार से बतायें; और

ड.) नयी शराब नीति के तहत शराब कारोबारियों को किस–किस प्रकार का लाभ सरकार से मिला?

64. श्री अजय महावर आबकारी

क्या माननीय **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि घोंडा विधान सभा में शास्त्री पार्क से खजूरी के मध्य नेशनल हाईवे 709 बी की सर्विस रोड पर स्थानीय निवासियों के विरोध के बावजूद 6 शराब के ठेके खोले गये हैं;

ख) यदि हाँ, तो क्या यह भी सत्य है कि क्या यह ठेके वैध है;

ग) यदि नहीं, तो इन्हें बंद करने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है;

घ) क्या यह भी सत्य है कि घोंडा विधानसभा में वजीराबाद रोड स्टेट हाईवे एनएच–9 पर भजनपुरा में दो ठेके खोले गये हैं;

ड.) यदि हाँ, तो क्या यह वैध है; और

च) यदि नहीं, तो इन्हें बंद करने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है?

65. श्री महेन्द्र गोयल आबकारी

क्या माननीय **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या दिल्ली में पुरानी शराब नीति के स्थान पर जब नयी शराब नीति लागू की गयी उस दौरान नई शराब नीति से दिल्ली के राजस्व में बढ़ोत्तरी हुई है;

ख) यदि बढ़ोत्तरी हुई है तो कितनी हुई है, कृपया संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाये; और

ग) यदि कोई नुकसान हुआ है तो उसकी भी पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाये?

66. श्री जितेन्द्र महाजन आबकारी

क्या माननीय **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) किसी क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने पर किन–किन बिंदुओं का ध्यान रखा जाता है;

ख) किसी क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने के लिये संबंधित आरडब्ल्यूए, मोहल्ला कमेटी, स्थानीय विधायक, स्थानीय निगम पार्षद की राय ली जाती है अथवा नहीं;

ग) क्या आबकारी विभाग द्वारा खोली गयी शराब की दुकान को मोहल्ला कमेटी, महिला संगठन, आरडब्ल्यूए एवं मार्किट एसोसिएशन के विरोध में प्रस्ताव पारित करके बंद करवाया जा सकता है;

घ) दिल्ली में वर्तमान में कुल सरकारी शराब की दुकानों की संख्या बताई जाये;

ड.) आबकारी विभाग द्वारा दिल्ली में कितनी शराब की दुकानें खोलने का लक्ष्य है; और

च) क्या मिक्स लैंड यूज की सड़क पर शराब की दुकान खोली जा सकती है अथवा नहीं?

67. श्री संजीव झा पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन

क्या माननीय **पर्यावरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र में पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन



विभाग के पास कितनी जमीन उपलब्ध है, उसका विवरण खसरा, जमीन का रकबा सहित उपलब्ध करवाएं;

ख) इनमें से कितनी भूमि की चारदीवारी कर ली गई है और कितनी पर चारदीवारी की जानी बाकी है उसका खसरा सहित विवरण दें; और

ग) यदि विभाग के द्वारा बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र में इन खाली भूमि पर कोई फॉरेस्ट पार्क इत्यादि विकसित की जाने की कोई योजना है, तो उसका भी विवरण दें?

68. श्री अनिल कुमार बाजपेयी पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन

क्या माननीय **पर्यावरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के कितने पार्क हैं व उन पार्कों में विभाग द्वारा क्या–क्या कार्य कराये गये हैं; उन कार्यों की अनुमानित लागत सहित उनकी सारी जानकारी दस्तावेजों सहित 1 अप्रैल 2020 से 31 अक्तूबर 2023 तक उपलब्ध कराई जाये; और

ख) गांधी नगर विधानसभा में भविष्य में कितने पार्कों के सौंदर्यीकरण की योजना है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाये?

69. श्री विजेन्द्र गुप्ता पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन

क्या माननीय **पर्यावरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बदरपुर व रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में जीन्स की रंगाई की कुल कितनी अवैध फैक्ट्रियों चल रही हैं, नाम व पता सहित उनकी सूची उपलब्ध कराई जाये; और

ख) इसमें से कितनी फैक्ट्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है उसका ब्यौरा दिया जाये?

70. श्री शरद चौहान सहकारिता

क्या माननीय **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली स्टेट सहकारी बैंक में विगत 03 वर्षो में लीगल मामलों पर कितना रूपया खर्च किया गया वकील का नाम, केस व भुगतान सहित जानकारी दें;

ख) दिल्ली स्टेट सहकारी बैक के एमडी का कार्यभार कब से प्रारम्भ हुआ और उसमें सभी नियमों का पालन किया गया या नहीं;

ग) दिल्ली स्टेट सहकारी बैंक की एमडी का जो केस चल रहा है उसमें वकीलों की पेमेंट कैसे और कितनी की गई, सूचना दे, वकील का नाम और किस वकील को कितनी पेमेंट दी गई;



घ) वर्तमान प्रबन्धक समिति का कार्यभार कब खत्म हुआ और वर्तमान में वह किस कारण से बैठे है और क्या वह वित्तीय खर्चा कर सकते हैं; और

ङ.) चुनाव में हो रही देरी के क्या कारण हैं बतायें एवं इन्हें दूर करने के लिए किये गए प्रयासों का पूर्ण विवरण दें?

71. श्री शरद चौहान सहकारिता

क्या माननीय **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) डीसीएस एक्ट की धारा 66(1) में निहित दोष यदि सिद्ध हो जाता है तो क्या आरसीएस–डीसीएस एक्ट की धारा 66(2) में केस बंद कर सकता है, नियम की जानकारी दें;

ख) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की कितनी जांच विभाग में चल रही है और कब से चल रही है, सभी की सूचना दे;

ग) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की कितनी जांच 66(2) में आरसीएस ने बंद की, सभी की सूचना दें एवं आदेश की प्रति दें;

घ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक में U/S 37 की कोई सुनवाई चल रही थी और उसमें दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश थे परन्तु आरसीएस ने वह सुनवाई यह कहकर बंद कर दी कि बोर्ड बदल गया है;

ङ.) यदि हाँ, तो हाईकोर्ट का आदेश ना मानने पर पूर्व आरसीएस पर क्या कार्यवाही हो सकती है;

च) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक में एजीएम के नाम पर लाखों रूपये का घोटाला हुआ है, इसकी शिकायत पर अभी तक क्या कार्यवाही हुई;

छ) विगत वर्षों में ऑडिट को लेकर कितनी–कितनी शिकायतें दिल्ली सहकारी बैंक की आईं एवं उन पर क्या कार्यवाई हुई;

ज) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक के स्पेशल ऑडिट के आदेश होने से अब तक क्या–क्या कार्यवाई हुई, सभी की सूचना दें और इसमें हुई देरी के लिए कौन–कौन अधिकारी दोषी हैं, सूची दें; और

झ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक वन टाइम सेटलमेंट की कोई स्कीम लाया है और उसके नाम पर जांच में जो खाते हैं उन्हें सेटल कर दिया गया है, सेटल किए गए सभी खातों की सूची उपलब्ध करवाएं?

**72. श्री ऋतुराज गोविन्द** **निर्वाचन**

क्या माननीय **निर्वाचन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) किराड़ी विधान सभा में अभी तक कुल कितने मतदाता हैं, पूर्ण विवरण दें; और

ख) किराड़ी विधान सभा में वर्ष 2015 से 2022 तक कितने मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, पूर्ण विवरण दें?



**73. श्री अनिल कुमार बाजपेयी** **निर्वाचन**

क्या माननीय **निर्वाचन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने मतदाता हैं; और

ख) प्रत्येक बूथ पर पुरूष और महिला मतदाताओं की संख्या कितनी–कितनी है, पूर्ण विवरण दें?

**74. श्री ओम प्रकाश शर्मा**
**श्री अजय महावर** **सूचना एवं प्रसारण**

क्या माननीय **सूचना एवं प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) कृपया फरवरी 2015 से सूचना एवं प्रचार मद में किये गये अभियानवार एवं योजनावार व्यय की जानकारी उपलब्ध करायें;

ख) अभियान की अवधि, प्रचार का तरीका और दिए गए माध्यम से किया गया खर्च भी बताएं;

ग) दिल्ली सरकार के कितने आधिकारिक ट्विटर हैंडल, फेसबुक प्रोफाइल / पेज, वर्तमान में सक्रिय हैं, कृपया सूची उपलब्ध करायें;

घ) दिल्ली सरकार ने सोशल मीडिया खातों के प्रचार के लिए कितना खर्च किया है;

ङ) दिल्ली सरकार ने इन खातों को चलाने पर जैसे वेतन, बैठके आदि पर कितना खर्च किया है, कृपया पिछले 6 वर्षों और आज तक की माहवार जानकारी प्रदान करें; और

च) कर्मचारियों / विक्रेताओं द्वारा औसत कितने पोस्ट / ट्वीट किये जा रहे हैं, कृपया पिछले 6 वर्षों और अब तक का माहवार विवरण प्रदान करें?

**75. श्री सुरेंद्र कुमार** **पर्यटन**

क्या माननीय **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के बजट में दिल्ली शॉपिंग फैस्टिवल के लिये बजट आबंटित होने के बाद भी यह कार्यक्रम क्यों नहीं हुआ इसका पूर्ण विवरण दें;

ख) इसके लिये कौन–कौन से ऑफिसर दोषी है इसका पूर्ण विवरण दें;

ग) दिल्ली फिल्म फैस्टिवल क्यों नहीं हुआ इसका पूर्ण विवरण दें;

घ) पर्यटन, कला–संस्कृति व भाषा विभाग का कितना बजट इस्तेमाल हुआ और कितना वापस दिया जाने का प्रस्ताव है इसका पूर्ण विवरण दें;

ङ) बजट खर्च न होने के क्या–क्या कारण हैं सभी मदों में बजट खर्च न होने के सभी कारणों का अलग–अलग विवरण दें; और



च) दिल्ली की दीवाली कार्यक्रम न होने के क्या कारण हैं कृपया पूर्ण विवरण दें?

**76. श्री जितेन्द्र महाजन** **पर्यटन**

क्या माननीय **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2015 में नत्थू कालोनी चौक (रोहतास नगर विधान सभा) पर एक फ्लाईओवर तथा अंडरपास बनाने के लिये अभी तक गैमन इंडिया लि. को कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया है;

ख) फ्लाईओवर के स्लैब क्रेक होकर गिरने लगे हैं तथा अंडर पास में दरारें पड़ गयी हैं इसके लिये दोषी गैमन इंडिया लि. के खिलाफ अभी तक विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है;

ग) दूसरे कंसलटेंट बी एंड इंजीनियरिंग कंसलटेंट प्राईवेट लि. नोएडा को अपनी रिपोर्ट देने की क्या समय सीमा तय की गयी थी;

घ) तय समय सीमा पर रिपोर्ट न आने पर क्या कार्रवाई की गयी है;

ड.) अगर रिपोर्ट आ गयी है तो रिपोर्ट की कॉपी उपलब्ध करवाई जाये;

च) डीटीटीडीसी द्वारा इस फ्लाईओवर को रिपेयर के बाद चालू करने की कोई तय समय सीमा है तो वह भी जानकारी दी जाये; और

छ) निर्माण के दौरान दोषी पाये गये अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है इसकी भी जानकारी उपलब्ध करवाई जाये?

77. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी वित्त

क्या माननीय **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वित्तीय वर्ष 2022–23 व 2023–24 के बजट में दिल्ली सरकार द्वारा भिन्न–भिन्न विभागों के लिए कितनी–कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था; और

ख) इन दोनों वर्षो में आवंटित धनराशि में से सम्बन्धित विभागों द्वारा कितनी प्रतिशत धनराशि खर्च की गई है, उसका पूरा ब्यौरा दें?

**राज कुमार**

**सचिव**